# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, गुरुवार
01 मई 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 62 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## सीजफायर का उल्लंघन कर रहा पाकिस्तान, भारत ने दी चेतावनी

### महानिदेशकों की हॉटलाइन पर हुई बातचीत



नई दिल्ली । 29-30 अप्रैल की रात को भी पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू और कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश में नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की थी। जिसके बाद भारत ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है।

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस आतंकी घटना के बाद सीमा पर पाकिस्तान की ओर से लगातार सीजफायर का उल्लंघन किया जा रहा है। जिसका भारत ने माकूल जवाब दिया है। अब भारत ने पाकिस्तान की ओर की जा रही गोलीबारी पर आपत्ति दर्ज करायी है।

रक्षा सूत्रों के मुताबिक, भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों ने कल हॉटलाइन पर बातचीत की और पाकिस्तान द्वारा बिना उकसावे के संघर्ष विराम उल्लंघन पर चर्चा की। भारत ने नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना द्वारा बिना उकसावे के किए जा रहे संघर्ष विराम उल्लंघन के खिलाफ पाकिस्तान को चेतावनी दी है।

**पहलगाम हमले के बाद लगातार गोलीबारी कर रहा है पाकिस्तान**

भारतीय सेना के मुताबिक, 29-30 अप्रैल की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना के जवानों ने तेजी से और उचित तरीके से जवाब दिया। **शेष पेज 2 पर**

## जाति जनगणना कराएगी मोदी सरकार मूल जनगणना के साथ ही कराई जाएगी

### कैबिनेट बैठक में लिया गया बड़ा फैसला



**नई दिल्ली ।** जनगणना 1951 से प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर की जाती थी, लेकिन 2021 में कोरोना महामारी के कारण जनगणना टल गई थी। जनगणना के आंकड़े सरकार के लिए नीति बनाने और उन पर अमल करने के साथ-साथ देश के संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए बेहद अहम होते हैं। विपक्षी कांग्रेस समेत तमाम सियासी पार्टियां जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं, ताकि देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की कुल संख्या का पता चल सके।

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का एलान कर दिया है। यह जनगणना मूल जनगणना के साथ ही कराई जाएगी। कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आज फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए।'

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कर पूर्ववर्ती सरकारों ने हमेशा से ही जातिगत जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद से ही जाति को जनगणना की किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया कि जातिगत जनगणना को कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। इसेक बाद एक मंत्रीमंडल समूह का गठन किया गया। इसमें ज्यादातर राजनीतिक दलों ने जातिगत जनगणना की संस्तुति की। इसके बावजूद भी कांग्रेस ने महज खानापूर्ति का ही काम किया। उसने महज सर्वे कराना ही उचित समझा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के सहयोगियों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया है। जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम संख्या 69 पर अंकित है। यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कुछ राज्यों ने जातियों की गणना के लिए सर्वेक्षण सुचारू रूप से किया है, जबकि राजनीतिक दृष्टिकोण से गैर-पारदर्शी तरीके से ऐसे सर्वेक्षण किए हैं। ऐसे सर्वेक्षणों ने समाज में भ्रांति फैली है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा सामाजिक ताना-बाना राजनीति के दबाव में न आए। हमें जाति जनगणना के लिए एक मंच तैयार करना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और समाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश का विकास भी निर्बाध रूप से चलती रहेगी।

**शेष पेज 2 पर**

## कानपुर में पहलगाम हमले के पीड़ित परिवार से मिले राहुल गांधी



कानपुर। राहुल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वालों के लिए एक विशेष संसद सत्र रखा जाए, जिसमें इस गंभीर मामले से जुड़ी चर्चा हो। राहुल ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

लोकसभा नेता एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले में मारे गए कानपुर निवासी शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की। इस दौरान राहुल गांधी ने पीड़ित परिवार का ढाढ़स बंधाया। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि पहलगाम में हुआ हमला देश के भाईचारे और सद्भाव पर गहरी चोट है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हमें एकजुट होकर आतंक को करारा जवाब देना होगा। खबर यह भी है कि राहुल गांधी ने इस दौरान परिवार की बातचीत मोबाइल पर प्रियंका गांधी से कराई।

**शेष पेज 2 पर**

### पहलगाम हमले के बाद

## भारतीय नौसेना ने दिखाई समुद्री ताकत, कैप्शन में लिखा- 'कोई मिशन बहुत दूर नहीं'



**नई दिल्ली ।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए सेनाओं को पूरी आजादी देने के बाद नौसेना ने युद्धपोतों की एक तस्वीर साझा की है। नौसेना ने ट्विटर पर तैनात युद्धपोतों की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, "कोई भी मिशन दूर नहीं है, कोई भी समुद्र इतना विशाल नहीं है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए सेनाओं को पूरी आजादी देने के बाद नौसेना ने युद्धपोतों की एक तस्वीर साझा की है। नौसेना ने ट्विटर पर तैनात युद्धपोतों की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, "कोई भी मिशन दूर नहीं है, कोई भी समुद्र इतना विशाल नहीं है।" नौसेना ने हाल के दिनों में अरब सागर में भी अभ्यास किया था, जिसमें उसने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया था। नौसेना की तैयारियों में युद्धपोतों से मिसाइल परीक्षण भी शामिल था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में पिछले दिनों हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में सुरक्षा बलों को जवाबी कार्रवाई के लिए पूरी स्वतंत्रता दे दी गई।

**'कोई मिशन बहुत दूर नहीं, कोई समुद्र बहुत विशाल नहीं'-**

पोस्ट में लिखा था, "समुद्री ताकत को बढ़ावा देना - कोई मिशन बहुत दूर नहीं, कोई समुद्र बहुत विशाल नहीं।" यह पोस्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान सशस्त्र बलों को पहलगाम हमले के जवाब में अपनी प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय को तय करने के लिए पूर्ण परिचालन स्वतंत्रता दिए जाने के एक दिन बाद डाली गई थी। यह संदेश प्रधानमंत्री द्वारा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के साथ उनके 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिया गया। सूत्रों ने टाइम्स नाउ को बताया कि पीएम मोदी ने पुष्टि की कि आतंकवाद को करारा झटका देना राष्ट्रीय संकल्प है।

सशस्त्र बलों को खुली छूट- इस बीच, प्रधानमंत्री ने कथित तौर पर यह स्पष्ट कर दिया है कि सशस्त्र बल पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई का समय, लक्ष्य और तरीका तय करेंगे। इस बीच, केंद्रीय मंत्रिमंडल और सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की आज बैठक होगी।

## 'लखनऊ में बैठा अब्दुल अयोध्या के लिए कर रहा है कुछ बड़ी तैयारी, बाहर से आई 60 करोड़ की मदद



लखनऊ । अयोध्या में कुछ बड़ा हादसा करने की तैयारी चल रही है। जांच में जुटीं सुरक्षा एजेंसियों को रायबरेली जेल में बंद दुर्गेश और संजय पांडेय से अहम जानकारी मिली है।

रायबरेली के साइबर अपराधी दुर्गेश व संजय पांडेय का जुड़ाव पाकिस्तानी रहीम के साथ ही लखनऊ के अब्दुल से भी है। दुर्गेश बिहार के संदिग्ध युवाओं के खाते में पैसे जमा करने के साथ ही अब्दुल को नकद भुगतान करता था। एक वर्ष में उसे करीब 60 करोड़ रुपये दिए हैं, जिसे अयोध्या व गोंडा भेजा है। आशंका है कि लखनऊ में बैठा अब्दुल अयोध्या के लिए कुछ बड़ी तैयारी कर रहा है।

जांच में जुटीं सुरक्षा एजेंसियों को रायबरेली जेल में बंद दुर्गेश और संजय पांडेय से अहम जानकारी मिली है। सूत्रों के अनुसार दोनों ने बताया कि दुबई और पाकिस्तान से भेजे गए अधिकतर रुपयों को वह रहीम के बताए बैंक खातों में ही जमा करते थे। बाद में रहीम का संदेश आया कि लखनऊ से अब्दुल आएगा, जिसे नकद भुगतान करना है। हर भुगतान से पहले रहीम की पाकिस्तान से वाट्सएप कॉल आती थी। कुछ ही देर बाद अब्दुल रायबरेली पहुंच जाता था।

**शेष पेज 2 पर**

## लबनी, ताड़ी और पासी के सहारे बिहार में होगा तेजस्वी राज!

### चिराग पासवान का भी मौके पर चौका



**नई दिल्ली ।** अप्रैल 2016 में बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद शुल्क अधिनियम लागू होने के बाद से बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने पर ताड़ी से प्रतिबंध हटाने और इसे उद्योग का दर्जा देने के तेजस्वी प्रसाद यादव के संकल्प ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बहुचर्चित बिहार मद्य निषेध और उत्पाद शुल्क अधिनियम पर ध्यान केंद्रित कर दिया है।

ताड़ी चुनावी राज्य बिहार की राजनीति में हलचल मचा रही है। नीतीश कुमार सरकार ने शराब की बिक्री और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था, उसके बाद से यह लगातार चर्चा में है। ताड़ी ताड़ के पेड़ों के रस से बनने वाले इस मादक पेय पर प्रतिबंध हटाने की मांग करने वालों में राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव सबसे आगे हैं। हालांकि, बिहार के मुख्यमंत्री और जेडी(यू) सुप्रीमो नीतीश कुमार 2016 की शुरूआत में राज्य में शराब पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहे थे, तो उन्हें तत्कालीन महागठबंधन के वरिष्ठ सहयोगी लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली आरजेडी से प्रतिरोध का सामना करना पड़ा था। **शेष पेज 2 पर**

### जातिगत जनगणना | क्या है जातिगत जनगणना

## यह होती कैसे है ? जानें इससे जुड़ा पूरा इतिहास और विवाद




**नई दिल्ली ।** जातीय जनगणना होती क्या है? इसे कराने का क्या तरीका है? भारत में इस तरह की जनगणना का क्या इतिहास रहा है? इसके अलावा देश में कब-कब जातिगत जनगणना की मांग हुई है और केंद्र सरकार अब तक इस फैसले को लेने से कतरा क्यों रही थी? आइये जानते हैं...

केंद्र सरकार ने बुधवार (30 अप्रैल 2025) को जनगणना कराने से जुड़ा बड़ा एलान किया है। केंद्रीय सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि मोदी सरकार अगली जनगणना के साथ जातीय आधार पर लोगों की गणना भी करेगी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने विपक्षी दलों को घेरा और कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ राजनीति के लिए जातीय मुद्दों को उठाया है। उन्होंने दावा किया कि जातीय जनगणना से सामाजिक ढांचे को कोई नुकसान नहीं होगा।

गौरतलब है कि इससे पहले भी कई मौकों पर जातिगत जनगणना की मांग उठती रही है। लेकिन सरकार ने इन मांगों को दरकिनार कर दिया। हालांकि, अब बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्र ने जातीय सर्वे कराने का फैसला किया है। इसी के साथ आजाद भारत में पहली बार जातिगत जनगणना का रास्ता लगभग साफ हो गया है।

जाति जनगणना कराएगी मोदी सरकार, मूल जनगणना के साथ ही कराई जाएगी; कैबिनेट बैठक में बड़ा फैसला

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर जातीय जनगणना होती क्या है? इसे कराने का क्या तरीका है? भारत में इस तरह की जनगणना का क्या इतिहास रहा है? इसके अलावा देश में कब-कब जातिगत जनगणना की मांग हुई है और केंद्र सरकार अब तक इस फैसले को लेने से कतरा क्यों रही थी? आइये जानते हैं...

**देश में आखिरी बार कब हुई थी जातिगत जनगणना?**

देश में जनगणना की शुरूआत 1881 में हुई थी। पहली बार हुई जनगणना में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी हुए थे। इसके बाद हर दस साल पर जनगणना होती रही। 1931 तक की जनगणना में हर बार जातिवार आंकड़े भी जारी किए गए।

**शेष पेज 2 पर**

# पूर्व डिप्टी सीएम सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ एक और केस, एंटी करप्शन ब्रांच ने दर्ज की एफआईआर

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



दिल्ली। भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ निर्माण में भ्रष्टाचार के संबंध में एफआईआर दर्ज की गई है।

पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ 2 हजार करोड़ के बड़े घोटाले का मामला दर्ज हुआ है। एंटी करप्शन ब्रांच ने एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार, भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ अत्यधिक लागत पर कक्षाओं के निर्माण में भ्रष्टाचार के संबंध में मामला दर्ज किया है।

**क्लासरूम में बड़ा घोटाला**

12,748 क्लासरूम और भवनों के निर्माण में कथित 2000 करोड़ रुपये के घोटाले से जुड़ा यह मामला है। एंटी करप्शन ब्रांच की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि दिल्ली में आप सरकार के शासनकाल में 12,748 कक्षाओं और भवनों के निर्माण में 2,000 करोड़ का भारी घोटाला सामने आया है। परियोजना को आम आदमी पार्टी से जुड़े कुछ ठेकेदारों को कथित तौर पर दिया गया था। निर्माण में भारी विचलन और लागत में वृद्धि देखी गई। इसके अलावा निर्धारित अवधि के अंदर एक भी काम पूरा नहीं हुआ।

**एंटी करप्शन ब्यूरो ने दर्ज किया केस**

एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा दर्ज केस में इन नेताओं पर दिल्ली सरकार के स्कूलों की कक्षाओं के निर्माण में भारी वित्तीय अनियमितता करने का आरोप लगाया गया है। आरोप यह भी है कि आम आदमी पार्टी से जुड़े ठेकेदारों को कक्षाओं के निर्माण का काम देकर वित्तीय गड़बड़ी को अंजाम दिया गया।

जांच एजेंसी ने दर्ज केस में आरोप लगाया है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार रहने के दौरान 12,748 कक्षाओं का निर्माण किया गया था। आरोप पत्र के अनुसार, इन कक्षाओं के निर्माण में घटिया गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया गया, लेकिन इसका पैसा बेहतर आरसीसी निर्माण तकनीकी की दर से वसूल किया गया। एजेंसी का आरोप है कि इस मामले में भारी वित्तीय गड़बड़ी की गई है।

एंटी करप्शन ब्यूरो ने यह भी आरोप लगाया है कि इन कक्षाओं के निर्माण में जिन 34 ठेकेदारों को निर्माण का ठेका दिया गया था, उनमें से ज्यादातर आम आदमी पार्टी से जुड़े हुए लोग शामिल थे। आरोप है कि इन्हीं लोगों से मिलीभगत कर घटिया स्तर की कक्षाओं का निर्माण कराकर वित्तीय गड़बड़ी की गई। इसमें बच्चों की सुरक्षा को भी दांव पर लगाया गया।

कई जगहों पर किसी कक्षा का निर्माण नहीं किया गया, लेकिन टॉयलेट को एक कक्षा बताकर उसकी कीमत को भी जनता के पैसे से वसूल किया गया था। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि दिल्ली की तत्कालीन सरकार ने एक ही स्कूल में चार-चार शिफ्ट में स्कूल चलाकर स्कूलों की संख्या बढ़ाकर दिखाई थी।

## राहुल गांधी बोले- आतंकी हमले के जिम्मेदार लोगों को कीमत चुकानी होगी, पीएम कड़ी कार्रवाई कर दें संदेश

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात के बाद कहा, जम्मू-कश्मीर में हुई नृशंस वारदात में शामिल दहशतगर्दों को इस अपराध की कीमत चुकानी होगी। उन्होंने कहा, सख्त कार्रवाई करते हुए आतंकियों को एहसास कराना होगा कि वे भारत के साथ ऐसा नहीं कर सकते। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए कायराना आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान, आतंकवादियों और आतंकियों के आकाओं को मुंहतोड़ जवाब देने की मांग जोर पकड़ रही है। ताजा घटनाक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, दहशतगर्दों को पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर हमले की कीमत चुकानी होगी। उत्तर प्रदेश के कानपुर में रहने वाले शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात कर दिल्ली लौटे राहुल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले पर्यटकों के परिजनों की मांग है कि सरकार मृतकों को शहीद का दर्जा दे।

# पहलगाम पर तनाव के बीच भारत का एक और बड़ा कदम पाकिस्तानी विमानों के लिए बंद किया हवाई क्षेत्र

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



नई दिल्ली। भारत ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया है। नोटम के तहत भारत ने 30 अप्रैल से 23 मई 2025 तक अपने एयरस्पेस को सभी पाकिस्तानी यात्री विमानों और सैन्य विमानों के लिए बंद कर दिया गया है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत ने बुधवार को पाकिस्तानी एयरलाइनों को अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से प्रतिबंधित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि ठडळअट (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया गया है, जिसके तहत पाकिस्तानी एयरलाइनों को भारतीय हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से रोक दिया गया है।

यह घटनाक्रम पाकिस्तान द्वारा भारतीय एयरलाइनों को अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से रोके जाने के एक सप्ताह बाद हुआ है। भारत ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया है। नोटम के तहत भारत ने 30 अप्रैल से 23 मई 2025 तक अपने एयरस्पेस को सभी पाकिस्तानी यात्री विमानों और सैन्य विमानों के लिए बंद कर दिया गया है। अब भारत के हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी विमान को प्रवेश की इजाजत नहीं होगी।

नोटिस टू एयर मिशन सिस्टम एक तरह की संचार व्यवस्था है, जिसकी मदद से फ्लाइट में मौजूद केबिन क्रू के लोगों के लिए अहम सूचनाएं भेजी जाती हैं। यह बेहद गोपनीय सूचना तंत्र है, जिसमें सेंध लगाना बेहद मुश्किल काम है। नोटिस टू एयर मिशन सिस्टम के तहत विमान के पायलट को मौसम, ज्वालामुखी विस्फोट, हवाई क्षेत्र में प्रतिबंध, किसी पैराशूट जंप, रॉकेट लॉन्च और सैन्य अभ्यास जैसी बेहद संवेदनशील और अहम जानकारियां भेजी जाती हैं। ताकि विमान को हवाई सफर के दौरान किसी अप्रिय घटना का सामना ना करना पड़े। साथ ही इस सूचना तंत्र से विमान के पायलट को हवाई अड्डों की स्थिति जैसे बर्फबारी, लाइटों में गड़बड़ी या फिर हवाई पट्टी पर किसी पक्षी की मौजूदगी की जानकारी दी जाती है।

**पीएम मोदी की एक और उच्चस्तरीय बैठक**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार शाम अपने आवास पर एक और उच्च स्तरीय बैठक की। करीब एक घंटे चली इस बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री आवास पर पिछले दो दिन में ये दूसरी बैठक है। कल पीएम ने डेढ़ घंटे हाईलेवल बैठक करके आतंकियों के खिलाफ एक्शन लेने के लिए सेनाओं को खुली छूट दी थी। इससे पहले आज केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नए सिरे से गठन किया है। पूर्व रॉ चीफ आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष बनाया गया है।

# पेज एक का शेष...

## जाति जनगणना कराएगी मोदी सरकार मूल जनगणना के साथ ही कराई जाएगी

**प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर होती है जनगणना**-जनगणना 1951 से प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर की जाती थी, लेकिन 2021 में कोरोना महामारी के कारण जनगणना टल गई थी।

राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को भी अपडेट करने का काम बाकी है। अभी तक जनगणना की नई तारीख का आधिकारिक तौर पर एलान भी नहीं किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, जनगणना के आंकड़े 2026 में जारी किए जाएंगे। इससे भविष्य में जनगणना का चक्र बदल जाएगा। जैसे 2025-2035 और फिर 2035 से 2045।

क्यों अहम है जनगणना?- जनगणना के आंकड़े सरकार के लिए नीति बनाने और उन पर अमल करने के साथ-साथ देश के संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए बेहद अहम होते हैं। इससे न सिर्फ जनसंख्या बल्कि जनसांख्यिकी, आर्थिक स्थिति कई अहम पहलुओं का पता चलता है। विपक्षी कांग्रेस समेत तमाम सियासी पार्टियां जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं, ताकि देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की कुल संख्या का पता चल सके।

पहली जनगणना 1872 और आखिरी 2011 में हुई थी-भारत में हर दस साल में जनगणना होती है। पहली जनगणना 1872 में हुई थी। 1947 में आजादी मिलने के बाद पहली जनगणना 1951 में हुई थी और आखिरी जनगणना 2011 में हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2011 में भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड़ थी, जबकि लिंगानुपात 940 महिलाएं प्रति 1000 पुरुष और साक्षरता दर 74.04 फीसदी था।

## कानपुर में पहलगाम हमले के पीड़ित परिवार से मिले राहुल गांधी

राहुल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वालों के लिए एक विशेष संसद सत्र रखा जाए, जिसमें इस गंभीर मामले से जुड़ी चर्चा हो। राहुल ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। शुभम की पत्नी ऐशन्या राहुल को देखकर रोने लगीं। ऐशन्या ने राहुल को घटना के बारे में सबकुछ बताया। शुभम के घर राहुल करीब 28 मिनट रुके। मृतक शुभम द्विवेदी के पिता संजय द्विवेदी ने कहा कि मेरी मांग है कि शुभम को शहीद का दर्जा दिया जाए। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने संसद में विशेष सत्र के लिए पीएम को पत्र लिखा है। प्रियंका गांधी ने मुझसे बात की और कहा कि मेरी मांगें सही हैं। उन्होंने कहा- मैं सरकार पर दबाव बनाऊंगी और अपने स्तर पर शुभम को शहीद का दर्जा देने के लिए उनसे बात करूंगी।

इससे पहले राहुल गांधी ने कहा था कि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे का मंसूबा देशवासियों को विभाजित करने और एक भाई को दूसरे भाई से लड़ाने का था, ऐसे में जरूरी है कि आतंकवाद को पराजित करने के लिए सभी एकजुट हों।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने संवाददाताओं से कहा, ह्ययह एक भयावह त्रासदी है। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने इस हमले की निंदा की है और वे राष्ट्र के साथ हैं॥ उनका कहना था, मैं घायल हुए लोगों में से एक से मिला हूं, अन्य से इसलिए नहीं मिल पाया क्योंकि वे यहां से जा चुके हैं। मेरा प्यार और स्नेह उन सभी लोगों के साथ है, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया है। मैं सभी को बताना चाहता हूं कि पूरा राष्ट्र उनके साथ खड़ा है। राहुल गांधी ने नई दिल्ली में हुई सर्वदलीय बैठक का हवाला देते हुए कहा, कल हमने सरकार के साथ बैठक की और पूरे विपक्ष ने इस हमले की निंदा की। इसके साथ ही हमने सरकार द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन दिया है।

## लखनऊ में बैठा अब्दुल अयोध्या के लिए कर रहा है कुछ बड़ी तैयारी, बाहर से आई 60 करोड़ की मदद

कौन है अब्दुल, जुटाई जा रही है ये जानकारी -ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों का सबसे बड़ा सवाल यह रहा कि आखिर अब्दुल दिखता कैसा है। इसपर दुर्गेश का जवाब था कि हर बार वह अपना चेहरा ढक कर रुपये लेने पहुंचता था। वही अयोध्या व गोंडा भी पैसे पहुंचाता था। जांच अधिकारियों के अनुसार अब्दुल कौन है...इस बारे में जानकारी जुटाई जा रही है, लेकिन इतना संकेत जरूर मिला है कि आतंकी संगठन अयोध्या के लिए कुछ बड़ी तैयारी कर रहे हैं। इसी इनपुट के आधार पर पहलगाम हमले के बाद से राम मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अयोध्या के आसपास के जिलों गोंडा व अंबेडकरनगर पर नजर है।

यहां सवाल यह कि आखिर गोंडा व अंबेडकरनगर ही क्यों? इसपर पूर्व आईबी अधिकारी संतोष सिंह बताते हैं कि नेपाल सीमा व अयोध्या के करीब होने से गोंडा आतंकियों के साथ ही सुरक्षा एजेंसियों के लिए बेहद अहम है। बीते तीन वर्ष में एटीएस ने गोंडा में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए देश विरोधी गतिविधियों में शामिल 11 संदिग्धों को पकड़ा है। महाकुंभ के समय फरीदाबाद से मिल्कीपुर निवासी आतंकी अब्दुल रहमान की गिरफ्तारी को भी इससे जोड़कर देखा जा रहा है।

## भारतीय नौसेना ने दिखाई समुद्री ताकत, कैप्शन में लिखा- 'कोई मिशन बहुत दूर नहीं'

बताया जा रहा है कि इस बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, पाकिस्तानी मंत्री ने कहा कि उन्हें खुफिया जानकारी मिली है कि भारत अगले 36 घंटों के भीतर सैन्य कार्रवाई करेगा।

यहाँ यह ध्यान देने योग्य बात है कि पाकिस्तान पर संभावित हमले के मद्देनजर भारतीय नौसेना ने अपनी तैयारियाँ बढ़ा दी हैं। हाल ही में, इसके स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक क्थर सूरत ने अरब सागर में 70 किलोमीटर की रेंज वाली मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। नौसेना ने ब्रह्मोस और अन्य उन्नत मिसाइल प्रणालियों का उपयोग करके एंटी-शिप फायरिंग अभ्यास भी किया, जिसमें लंबी दूरी पर सटीक हमला करने की क्षमता का प्रदर्शन किया गया। भारत की नौसेना की प्रतिरोधक क्षमता में विमानवाहक पोत क्थर विक्रांत भी शामिल है, जो अब पूरी तरह से युद्ध के लिए तैयार है और किसी भी सुरक्षा खतरे का तेजी से जवाब देने में सक्षम है। भारतीय नौसेना की हालिया मुद्रा एक स्पष्ट और शक्तिशाली संदेश देती है - यह सतर्क, चुस्त और कार्रवाई के लिए तैयार है।

पहलगाम आतंकी हमला-22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे और एक दर्जन से अधिक अन्य घायल हो गए। यह 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद सबसे बड़े आतंकी हमलों में से एक रहा है। हालाँकि, सरकार ने अभी तक पहलगाम में हुए आतंकी हमले में हताहतों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। हमले के बाद से सुरक्षा बढ़ा दी गई है, इलाके से मिली तस्वीरों में आमतौर पर चहल-पहल वाले पर्यटक क्षेत्र की सड़कें सुनसान दिखाई दे रही हैं।

## यह होती कैसे है? जानें इससे जुड़ा पूरा इतिहास और विवाद

1941 की जनगणना में जातिवार आंकड़े जुटाए गए थे, लेकिन इन्हें जारी नहीं किया गया। आजादी के बाद से हर बार की जनगणना में सरकार ने सिर्फ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के ही जाति आधारित आंकड़े जारी किए। अन्य जातियों के जातिवार आंकड़े 1931 के बाद कभी प्रकाशित नहीं किए गए।

जातिगत जनगणना की जरूरत क्या है?

1947 में देश आजाद हुआ। 1951 में आजाद भारत में पहली बार जनगणना हुई। 1951 से 2011 तक हुई सभी 7 जनगणनाओं में एससी और एसटी की जातीय जगनणना हुई, लेकिन पिछड़ी व अन्य जातियों की जाति आधारित जनगणना कभी नहीं हुई। 1990 में उस वक्त की वीपी सिंह सरकार ने मंडल कमीशन की सिफारिशों को लागू करके पिछड़ों को आरक्षण दिया। उस वक्त भी 1931 की जनगणना को आधार मानकर ही आरक्षण की सीमा तय की गई। 1931 में देश में पिछली जातियां कुल आबादी का 52 फीसदी थीं।

कई एक्सपर्ट मानते हैं कि मौजूदा समय में देश की कुल आबादी में पीछड़ी जातियों की संख्या कितनी है इसका ठीक-ठीक अनुमान लगाना मुश्किल है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि एससी और एसटी वर्ग के आरक्षण का आधार उनकी आबादी है, लेकिन ओबीसी आरक्षण का आधार 90 साल पुरानी जनगणना है। जो अब प्रासंगिक नहीं है। अगर जातिगत जनगणना होती है तो इसका एक ठोस आधार होगा। जनगणना के बाद उसकी संख्या के आधार पर आरक्षण को कम या ज्यादा करना पड़ेगा।

जातिगत जनगणना की मांग करने वालों का दावा है कि ऐसा होने के बाद पिछड़े-अति पिछड़े वर्ग के लोगों की शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक स्थिति का पता चलेगा। उनकी बेहतरी के लिए उचित नीति का निर्धारण हो सकेगा। सही संख्या और हालात की जानकारी के बाद ही उनके लिए वास्तविक कार्यक्रम बनाने में मदद मिलेगी। वहीं, इसका विरोध करने वाले कहते हैं कि इस तरह की जनगणना से समाज में जातीय विभाजन बढ़ जाएगा। इसकी वजह से लोगों के बीच कटुता बढ़ेगी।

## सीजफायर का उल्लंघन कर रहा पाकिस्तान, भारत ने दी चेतावनी

सेना ने यह भी बताया कि पाकिस्तान की ओर से किया जा रहा संघर्षविराम उल्लंघन अब सिर्फ एलओसी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा तक पहुंच गया है।

इससे पहले पाकिस्तानी सेना ने 28-29 अप्रैल की रात में कुपवाड़ा और बारामुला जिलों के साथ-साथ अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार से बिना उकसावे के गोलीबारी की थी। 27-28 अप्रैल की रात को कुपवाड़ा और पुंछ जिलों के विपरीत क्षेत्रों से बिना उकसावे के गोलीबारी की गई थी। 26-27 अप्रैल की रात को तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के पास सीमा पार से पाकिस्तानी सेना ने फायरिंग की थी। ऐसे ही 25-26 अप्रैल की रात और 24 अप्रैल की रात को भी नियंत्रण रेखा पर कुछ स्थानों पर पाकिस्तानी सेना की ओर से फायरिंग की गई थी।

नियंत्रण रेखा के पार ऐसे उल्लंघन बीते छह दिन से किए जा रहे हैं। हालांकि, भारतीय सेना इसका मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। पाकिस्तान की ऐसी कायराना हरकत आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक लड़ाई के डर का नतीजा है। उसे हर पल यही डर सता रहा है कि इस बार भारत बालाकोट और पुलवामा हमले के बाद किए गए जवाबी हमले से खतरनाक मोर्चा खोलेगा। इसी बिलबिलाहट में पड़ोसी छटपटा रहा है।

## लबनी, ताड़ी और पासी के सहारे बिहार में होगा तेजस्वी राज!

आरजेडी सूत्रों के अनुसार, शराबबंदी के खिलाफ पार्टी के रुख का एक कारण यह था कि उस समय शराब के कई व्यापारी यादव समुदाय से थे, जो इसका मुख्य आधार है। हालांकि, नीतीश के दृढ़ आग्रह और इस बात के कारण कि सीएम को अपने शराबबंदी प्रस्ताव के लिए महिलाओं का भारी समर्थन मिला है, आरजेडी को झुकना पड़ा। फिर भी, सूत्रों ने कहा कि आरजेडी ने नीतीश पर ताड़ी को शराबबंदी के दायरे से बाहर रखने की आवश्यकता को प्रभावित करने की कोशिश की। लेकिन नीतीश, जिन्होंने अक्टूबर-नवंबर 2015 के विधानसभा चुनावों में महागठबंधन को भारी जीत दिलाई थी, राज्य में शराबबंदी के लिए अपने प्रयास में अडिग थे।

अप्रैल 2016 में बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद शुल्क अधिनियम लागू होने के बाद से बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने पर ताड़ी से प्रतिबंध हटाने और इसे उद्योग का दर्जा देने के तेजस्वी प्रसाद यादव के संकल्प ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बहुचर्चित बिहार मद्य निषेध और उत्पाद शुल्क अधिनियम पर ध्यान केंद्रित कर दिया है। पटना में पासी समुदाय (अनुसूचित जाति) की एक सभा को संबोधित करते हुए, तेजस्वी प्रसाद यादव ने 2016 के शराबबंदी कानून में ताड़ी को शामिल करने के राजद के विरोध को उजागर किया।

उन्होंने कहा, मैंने (महागठबंधन सरकार में तत्कालीन उपमुख्यमंत्री के रूप में) नीतीश कुमार को ताड़ी को शराब की श्रेणी से बाहर रखने के लिए मनाने की बहुत कोशिश की थी क्योंकि पासी समुदाय पीढ़ियों से अपने पारंपरिक व्यवसाय के रूप में ताड़ और खजूर के पेड़ों से ताड़ी निकालता रहा है। लेकिन सीएम ने उनकी एक न सुनी।" तेजस्वी का दावा है कि इस कानून से पासी समुदाय बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जो बिहार की आबादी का लगभग एक प्रतिशत है, जिसे विभिन्न हलकों से समर्थन मिला है। आपको बता कें कि बिहार में पासी समुदाय की आबादी लगभग 2% है और एइउ का बड़ा हिस्सा भी ताड़ी से आजीविका कमाता है। राजद के लिहाज से यह वोटबैंक उसके लिए काफी मायने रखता है। फिलहाल तेजस्वी एमवाई समीकरण के अलावा अन्य जातियों को राजद के साथ जोड़ने में लगे हैं।

सरकार से शराबबंदी हटाने की मांग कर रहे जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने तेजस्वी के फैसले का स्वागत किया है। जनता दल (यू) ने इसे चुनावी फायदे के लिए लिया गया राजनीतिक फैसला बताया है। आरजेडी नेता के फैसले का स्वागत करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा, "यह एक अच्छा फैसला है। उन्होंने कम से कम एक कदम आगे बढ़ाया है।" उन्होंने कहा कि जन सुराज पार्टी सरकार से बिहार शराबबंदी और उत्पाद शुल्क अधिनियम को रद्द करने की मांग कर रही है क्योंकि यह विफल हो गया है। कानून लागू होने के बाद से केवल शराब की दुकानें बंद हुई हैं। लेकिन, शराब की होम डिलीवरी अभी भी उपलब्ध है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन ने शराबबंदी कानून का दुरुपयोग किया है, गरीबों और दलितों को परेशान किया है, जिससे अवैध गतिविधियां बढ़ रही हैं।

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि ताड़ी को शराब की श्रेणी में नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने ताड़ी को एक प्राकृतिक उत्पाद बताया और बिहार के शराबबंदी कानून के तहत इसे शामिल किए जाने पर चिंता जताई। विपक्षी नेता तेजस्वी यादव की हालिया टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख पासवान ने कहा, "मैंने कई बार कहा है कि एनडीए के सहयोगी के रूप में मेरी पार्टी राज्य में सरकार का समर्थन कर रही है, लेकिन वह यहां शासन का हिस्सा नहीं है। मेरा निश्चित रूप से मानना ??है कि ताड़ी एक प्राकृतिक उत्पाद है, इसलिए इसे शराब नहीं माना जाना चाहिए।

# विश्व हिंदू महासंघ भारत द्वारा किया गया विरोध प्रदर्शन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो




बागपत। विश्व हिन्दू महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष कालीपीठाधीश्वर महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत जी महाराज जी के नेतृत्व में जंतर मंतर दिल्ली पर एक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसमें बागपत से भी काफी लोग दिल्ली के लिए रवाना हुए।

यह विरोध प्रदर्शन पहलगाम जम्मू कश्मीर में भारतीय नागरिकों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का विरोध मे किया गया। विश्व हिंदू महासंघ (शिक्षक एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ) भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी कृष्ण विश्रुतपाणी जी द्वारा आह्वान किया है कि इस बर्बरता एवं कायरता पूर्ण हमला केवल देश में आम नागरिकों पर ही नहीं बल्कि हिंदुस्तान की आन बान और शान पर हमला है।

हम सबको एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध लड़ना होगा। यह संगठन भारत सरकार से कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग करता है। साथ-साथ हर स्तर पर सरकार के सहयोग के लिए तैयार है। राष्ट्रीय महामंत्री एवं मीडिया प्रभारी एडवोकेट गजेंद्र सिंह कुंडू द्वारा बताया गया कि अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित हुए इस विरोध प्रदर्शन में विभिन्न प्रदेशों, जिलों से लगभग 400 पदाधिकारी, प्रभुजन एवं मातृशक्ति सम्मिलित हुई।

# भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया, पं. राजेन्द्र शर्मा को परशुराम सम्मान

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

खेकड़ा (बागपत): अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण समाज, खेकड़ा के तत्वावधान में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का प्राकट्य दिवस पारंपरिक श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। शिव मंदिर पट्टी अहिरान में आयोजित इस भव्य धार्मिक समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना से हुई। पं. अखिलेश शास्त्री ने विधिवत रूप से भगवान परशुराम जी का पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत भगवान परशुराम की प्रतिमा को गंगाजल और पंचामृत से स्नान कराया गया। श्रद्धालुओं ने प्रतिमा को यज्ञोपवित, वस्त्रों, पुष्पमालाओं और आभूषणों से सजाया। मंत्रों की गूंज और भक्ति संगीत के बीच आरती का आयोजन हुआ और अंत में भगवान को खीर का भोग अर्पित किया गया।

पूजन उपरांत सभी श्रद्धालुओं को खीर और अन्य प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा परशुराम सम्मान समारोह, जिसमें समाज के वरिष्ठ एवं सम्मानित समाजसेवी पंडित राजेन्द्र शर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्हें ब्राह्मण समाज खेकड़ा की ओर से पटका, पगड़ी और स्मृति चिन्ह भेंट कर भगवान परशुराम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर ब्राह्मण समाज खेकड़ा के अध्यक्ष उमेश शर्मा ने कहा, ह्लबुजुर्गों का सम्मान समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। नई पीढ़ी को इससे प्रेरणा मिलती है और सामाजिक समरसता तथा संस्कारों की भावना मजबूत होती है।

कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री आशु शर्मा ने किया। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें अनुज शर्मा, अरविंद शर्मा, मोहित भारद्वाज, विशाल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, पप्पू शर्मा, अखिलेश कौशिक, कुलदीप शर्मा तथा नगर अध्यक्ष उमेश शर्मा प्रमुख रहे।

पूरे आयोजन में भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक एकता की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जो समाज की मजबूत सांस्कृतिक जड़ों को दशार्ता है।

# गोल्डन लायनेस अनमोल के तत्वाधान में जुगल देवी सरस्वती शिशु मंदिर में हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित हुआ

कानपुर, गोल्डन लायनेस अनमोल द्वारा जुगल देवी सरस्वती शिशु मंदिर में हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किया गया जिसमें करीब बारह सौ बच्चों की जांच हुई। यह जांच महाराणा प्रताप के दंत चिकित्सक एवं जेएसवीम के डॉक्टरों द्वारा की गई जहां मुख्य रूप से डॉक्टर निखिल,डॉ प्रभा,डॉ अश्विनी,डॉ साकेत,डॉ फिरदौस डीआर राजदीप, डॉ अनन्या,डॉ. अनुष्का रही वही अध्यक्ष ममता श्रीवास्तव ने बताया कि 46 बच्चों आंखें कमजोर थी 126 बच्चों के दांतों में कैविटी पाई गई और 38 बच्चे अंडरवेट थे वही डॉक्टर ने बच्चों को दांतों की सफाई की बारे में बताया कैसे ब्रश किया जाता है सिखाया और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी और कहां की इस तरह के आयोजन आगे भी होते रहेंगे। कार्यक्रम हेल्थ केयर चेयरपर्सन डॉ मधु भार्गव की संरक्षता एवं डॉ रजत भार्गव का विशेष सहयोग रह। इस मौके पर क्लब की तरफ से पीएमसी हेमलता शर्मा,डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अर्पणा सिंह,प्रेसिडेंट ममता श्रीवास्तव,सेक्रेटरी मोनिका अग्रवाल,ट्रेजरार सुनीता वार्ष्णेय,उषा गुप्ता,डॉ मृदुला,पूजा टंडन,राजुल अग्रवाल,सुधा कपूर,माधुरी निगम सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम संघ ने मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



बागपत। अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम संघ बागपत द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर परशुराम भवन बागपत में हवन का आयोजन किया गया।

हवन में पंडित सोमदत्त शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चार कर आहुतियां डलवायी गई। भगवान परशुराम की प्रतिमा को को स्नान कराकर नये वस्त्रादि समर्पित किए गए। हवन के पश्चात भगवान परशुराम जी की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। हवन में मुख्य यजमान जयपाल शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य व विजय कौशिक रहे। 11 मई को भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा बैण्ड बाजों के साथ बागपत नगर में निकली जाएगी। शोभायात्रा योगेश्वर शिव मंदिर से आरंभ होकर परशुराम भवन पक्का घाट मन्दिर बागपत पहुंचेगी आरती के पश्चात शोभायात्रा का समापन होगा। शोभायात्रा हेतु निमंत्रण पत्र सभी को वितरित किए जाएंगे। पक्का घाट आश्रम प्रभारी हीरालाल शास्त्री,जयपाल शर्मा, गगन गौड महासचिव भगवान परशुराम संघ बागपत, गजेन्द्र आचार्य, बाबूराम शर्मा, विनोद कुमार शर्मा,विजय कौशिक, राकेश मोहन शर्मा, अजय शंकर शर्मा, कपिल आलम्बायन, हिमांशु शर्मा, प्रदीप शर्मा हरेंद्र दीक्षित, आशुतोष कौशिक, पंडित सोमदत्त शास्त्री, संजय कौशिक, स्वतंत्र शर्मा, पवन कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कंजडवा गांव में कब्रिस्तान की भूमि पर ही बना लिया अवैध मदरसा, सील जनपद में अब तक छः मदरसों को सील किया जा चुका है

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



बहराइच। जनपद की भारत नेपाल सीमा के बफर जोन में संचालित अनाधिकृत मदरसों की सघन जांच कर कार्यवाही का सिलसिला आज तीसरे दिन भी जारी रहा। जनपद बहराइच में अब तक डेढ़ दर्जन से अधिक मदरसों की जांच की गई जिनमें से छः मदरसों को पूरी तरह सील कर दिया गया है जबकि एक दर्जन से अधिक मदरसों को बगैर मान्यता संचालित न किये जाने की चेतावनी दी गयी है` जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने आज जनपद के मोतीपुर थाना क्षेत्र के मदरसा मोहसिनुल उलूम कंजडवा की सघन जांच की तथा मदरसे के वैध दस्तावेज मांगे जिस पर मदरसा संचालक शेर अली मदरसे की भूमि तथा आय-व्यय, प्रवेश एवं छात्र उपस्थित रजिस्टर समेत कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके` मदरसा कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध निर्माण कर अनियमित तरीके से संचालित पाये जाने पर सील कर दिया गया है तथा मदरसे में पढने वाले बच्चों का नामांकन नजदीकी प्राथमिक विद्यालय में कराए जाने के लिये खंड शिक्षा अधिकारी मिहींपुरवा को निर्देशित भी किया` ग्राम पंचायत जोगिनिया में मदरसे की जांच किए जाने पर मदरसा बंजर भूमि पर संचालित मिला जिस पर कार्यवाही हेतु राजस्व विभाग को कहा गया है` जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र में बताया कि जांच में पाया गया अधिकांश मदरसे निजी मकान में बिना किसी कागजात, भवन, व विनामानक के अनधिकृत रूप से संचालित है। ज्ञातव्य है कि भारत नेपाल सीमा ओपन बोर्डर है,जहां से एक दूसरे देश में लोगों का बिना वीजा पासपोर्ट के आवागमन होता रहता है` ऐसे संवेदनशील बॉर्डर एरिया में बिना मान्यता और बिना नियम कानून , मानक के मदरसे संचालित हो रहे हैं ऐसे मदरसे सुरक्षा की दृष्टि से भी बहुत संवेदनशील हो जाते हैं` सीमा की संवेदनशीलता और सुरक्षा के महत्व को देखते हुए बफर जोन में संचालित उन अनधिकृत मदरसों को सीज करने की कार्यवाही की जा रही है जिसमें अब तक रूपईडीहा थाना क्षेत्र के मदरसा अल जामिअतुल गौसिया मिस्बाहुल उलूम बाबागंज, मदरसा अरबिया इस्लामिया बदरुल उलूम बाबागंज, मदरसा दारुल उलूम गुलशने सैयद महबूब अशरफ रंजीतबोझा, मदरसा इस्लामिया कासिमुल उलूम नई बस्ती तथा मोतीपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत मदरसा दारुल उलूम अजीजिया हदीकतुल नोमान दरोगापुरवा तथा मदरसा मोहसिनुल उलूम कंजडवा को सील किया गया है`

# जीवन की कठिनाइयां ईश्वर की परीक्षा : कथा व्यास सुवेदी जी महाराज



**कानपुर,** कृपा धाम मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाली पंच दिवसीय संगीतमय भक्तमाल कथा के द्वितीय दिवस भक्त माल कथा में कार्यक्रम आयोजक संयोजक सुनील कपूर,सपना कपूर,राजीव चतुवेर्दी,गुड़िया चतुवेर्दी द्वारा व्यास पीठ का पूजन किया गया। यह बात भक्त माल कथा के द्वितीय दिवस दिल्ली से पधारे सुप्रसिद्ध रामकथा वाचक एवं भागवताचार्य ₹ आचार्य कृष्ण गोपाल सुवेदी ने कथा प्रसंग पर बोलते हुए ₹ बिल्व मंगल श्री सूरदास चरित्र पर व्याख्यान करते हुए कही उन्होंने बताया की .......भक्त माल कथा चरित्र को कहते हुए स्वय नारद जी कहते है की हमारे इंद्रियों के द्वार पर भोगी देवता हमे बल वश आकर्षण की ओर आकृष्ट करते है ,भगवान की ओर ले जाना भी देवताओं का काम है और वासना की ओर भी लेजाना उनका काम है। कथा व्यास ने कहा की ...कुंडली जागरण वर्षो का हो पाता है और पाप में व्यक्ति मिनट भर में लीन हों जाता है इसलिए हमे सदैव भगवान की प्राप्ति हेतु भक्ति के सदमार्ग पर लीन भक्तों का संग करना चाहिए जैसे विल्ब मंगल श्री सूरदास महाराज का चरित्र हुआ है। करोड़ों योनियों में भटकने के बाद हमे करुणा सिंधु भगवान की जब दिव्य दृष्टि पड़ती तब मनुष्य योनि मिलती है। साधन यानी साधना के माध्यम से मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह वाक्यांश हमें बताता है कि मोक्ष की प्राप्ति के लिए, हमें साधना करनी चाहिए, और यह कि मनुष्य का शरीर एक ऐसा साधन है जो हमें मोक्ष तक ले जा सकता है।

# परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र तिवारी के नेतृत्व में हजारों लोग शामिल हुए

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



महसी संयंत्र। परशुराम सेना के नेतृत्व में परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल चरित्र का अपमान किया गया। संग्रहालय संग्रहालय संग्रहालय से प्रारंभ हुआ, गोलाघाट मेरी माता, टिक मोड़, बदनापुर, रामपुरवा स्थिति होते हुए, रामपुरवा स्थिति, परशुराम मंदिर पहुंची, जहां हजारों विप्र समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने भगवान परशुराम का विधि विधान से पूजन, अर्चन किया। कार्यक्रम में लखनऊ से मुख्य अतिथि धीरज सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रिंस बाजपेयी ने संस्थान के विकास और मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 50-50 हजार रुपये का सहयोग दिया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समुदाय की एकता और अखंडता को बल दिया गया साथ ही सभी से सुकर्मी, सदाचारी और दुर्व्यसनो से दूर रहने की अपील की गई। इस अवसर पर देवेश चन्द्र मिश्रा, केदारनाथ मिश्रा, पुण्डरीक पांडे, रामजी त्रिपाठी, सुन्दर लाल बाजपेयी, डॉ. राजेश तिवारी, जे. तत्सत, सिद्धार्थ, रविनंदन डियाक, नरेंद्र सहित भारी संख्या में परशुराम सेना के आकृतियाँ और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# अमरोहा के हसनपुर में डॉक्टर का गुंडागर्दी अवैध गर्भपात के धंधे का भांडा फोड़ने के शक में दुकानदार को पीटा पुलिस जांच में जुटी

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
अमरोहा

अमरोहा ' उत्तर प्रदेश

अमरोहा के हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में एक झोलाछाप डॉक्टर ने मुखबरी के शक में परचून दुकानदार को पीट कर घायल कर दिया पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है शाहपुर कला गांव के निवासी शाहनवाज ने बताया कि उनकी दुकान के पड़ोस में एक झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक है



**पुलिस में शिकायत दर्ज**

डॉक्टर वहां अवैध रूप से गर्भपात का काम करता है शाहनवाज की परचून की दुकान भी उसी क्लीनिक के पास है बुधवार को झोलाछाप डॉक्टर ने शाहनवाज पर अपनी गतिविधियों की मुखबरी करने का आरोप लगाया इसके बाद उसने गाली गलौज करते हुए शाहनवाज के साथ मारपीट शुरू कर दी हमले में शाहनवाज घायल हो गए पीड़ित शाहनवाज ने झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है पुलिस मामले की जांच कर रही है

पेड़ों की संजीवनी

गर्मी में पेड़ों की संजीवनी बना हरित प्राण ट्रस्ट

# डॉक्टर दिनेश बंसल की अगुवाई में चल रहा सेवा कार्य, गूंज रहा है नारा – साँसें हो रहीं कम, आओ पेड़ लगाएं हम

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत-उत्तर भारत में गर्मी चरम पर है। तापमान लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहा है, जमीन तप रही है, और इंसान तो किसी न किसी तरह अपनी प्यास बुझा लेता है, लेकिन न बोल सकने वाले पेड़-पौधे खामोशी से जलते रहते हैं। ऐसे कठिन समय में हरित प्राण ट्रस्ट एक उम्मीद की तरह उभरा है, जो पर्यावरण की निःस्वार्थ सेवा में दिन-रात जुटा है।

**सेवा की लहरः हर पेड़ को मिले जीवनदायिनी जल**

हरित प्राण ट्रस्ट द्वारा बागपत और आसपास के क्षेत्रों में लगे हजारों पेड़ों की नियमित देखभाल की जा रही है। इस अभियान के तहत पेड़ों को सिर्फ पानी ही नहीं दिया जा रहा, बल्कि उनकी निराई-गुड़ाई, खाद-पानी और स्वास्थ्य की संपूर्ण निगरानी भी की जा रही है।

गर्मी शुरू होते ही ट्रस्ट ने अभियान को और तेज कर दिया है। इसके लिए खास तौर पर एक वाटर टैंक और ग्रीन एम्बुलेंस वाहन की व्यवस्था की गई है। ये वाहन उन स्थानों तक पहुंचते हैं, जहां पेड़ों को पानी देने वाला कोई नहीं। अब तक 300 से अधिक उपेक्षित स्थानों पर ट्रस्ट अपनी सेवा पहुंचा चुका है।

**ऑपरेशन ग्रीनः ज़िम्मेदारी निभा रहे राहुल चिकारा**

इस सेवा कार्य की जमीनी कमान राहुल चिकारा संभाल रहे हैं। वे प्रतिदिन सुबह से शाम तक विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी पेड़ पानी के अभाव में न मरे। उन्होंने पेड़ों की निगरानी के लिए एक टीम बनाई है,



जो पेड़ों के स्वास्थ्य पर नियमित रिपोर्ट तैयार करती है।

**डॉ. दिनेश बंसलः जिनके लिए हर पौधा एक संतान**

हरित प्राण ट्रस्ट के अध्यक्ष और प्रख्यात समाजसेवी डॉ. दिनेश बंसल का कहना हैः

पेड़ सिर्फ हरियाली नहीं, जीवन की साँसें हैं। गर्मी में इंसान तो अपनी प्यास बुझा लेता है, लेकिन पेड़ अपनी पीड़ा नहीं कह सकते। हम हर पौधे को संतान की तरह मानते हैं। जब गर्मी में संतान को तकलीफ होती है, तो माता-पिता कैसे चुप रह सकते हैं?

उनका स्पष्ट संदेश है

हर पेड़ तक पानी पहुंचे, हर पौधा जीवित रहे यही सेवा, यही धर्म।

**सामाजिक सहभागिताः लोग भी जुड़ने लगे हैं मिशन से**

ट्रस्ट की सेवा भावना देखकर अब समाज भी जाग रहा है। मोहल्लों में लोग खुद बाल्टियों और पाइप से पेड़ों को पानी देने लगे हैं। बच्चों ने पेड़ गोद लेना शुरू कर दिया है और स्कूलों में ग्रीन कार्ड स्कीम चलाई जा रही है, जिससे हर छात्र एक पौधे की देखभाल करता है।

कुछ स्थानीय समाजसेवी अब अपने जन्मदिन या शादी की सालगिरह पर पेड़ लगाने का संकल्प ले रहे हैं।

**ग्रीन एम्बुलेंसः जरूरतमंद पेड़ों के लिए जीवनरेखा**

हरित प्राण ट्रस्ट की ग्रीन एम्बुलेंस एक अनूठी पहल है। इसमें पानी के साथ-साथ पोषक खाद, औषधियां और सिंचाई उपकरण होते हैं। यह सेवा विशेषकर उन पेड़ों के लिए शुरू की गई है, जो राजमार्गों, निर्माण स्थलों या परित्यक्त क्षेत्रों में लगे हैं।

**साँसें हो रही कम, आओ पेड़ लगाएं हम ट्रस्ट का नारा अब जन-जन तक पहुंच रहा है –**

**साँसें हो रही कम, आओ पेड़ लगाएं हम**

यह नारा न केवल पर्यावरण जागरूकता फैला रहा है, बल्कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को प्रेरित कर रहा है कि वे पेड़ों को बचाने का ज़िम्मा उठाएं।

**हरित प्राण, हर पीढ़ी की शान**

हरित प्राण ट्रस्ट आज एक आंदोलन बन चुका है गर्मी में हर पेड़ जिए इस संकल्प के साथ। यह सिर्फ एक संगठन नहीं, बल्कि एक सोच है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली और स्वच्छ वातावरण का सपना संजो रही है।

डॉ. दिनेश बंसल, राहुल चिकारा और उनकी टीम का यह प्रयास वास्तव में प्रेरक है — जो यह साबित करता है किअगर इरादे नेक हों, तो तपती धरती पर भी जीवन उगाया जा सकता है।

# संपादकीय

## भारत से बेहतर संबंधों हेतु द्वार खुला

कनाडा के आम चुनावों में मार्क कार्नी के नेतृत्व में लिबरल पार्टी की जीत भारत से संबंधों में सुधार के नजरिये से बेहद महत्वपूर्ण है। चुनाव से पूर्व और चुनाव के दौरान कार्नी कहते रहे हैं कि आने वाले समय में भारत से बेहतर रिश्ते बनेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की दुराग्रह और पृथक्तावादियों के दबाव के चलते भारत कनाडा संबंध अपने सबसे बुरे दौर में पहुंच गए थे। कार्नी की जीत से उम्मीद जगी है कि दोनों देशों के संबंध फिर से पटरी पर लौटेंगे। दरअसल, एक अपरिपक्व राजनेता की तरह जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर प्रकरण को जिस तरह तूल दिया, उसके चलते दोनों देशों के संबंध बेहद खराब स्थिति में पहुंचे। हालांकि, भारत सरकार ने निज्जर प्रकरण में हाथ होने के दावों का दृढ़ता से खंडन किया था। लेकिन इसके बावजूद दोनों देशों के राजनीतिक, आर्थिक संबंध और लोगों के आने-जाने का उपक्रम बुरी तरह प्रभावित हुआ था। निस्संदेह, कार्नी का फिर सत्ता में लौटना संबंधों में सुधार का स्पष्ट संकेत है। वे अपने पूर्ववर्ती के विपरीत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित आर्थिक विशेषज्ञ, व्यावहारिक राजनेता और बयानों में संतुलन रखने वाले व्यक्ति हैं। दरअसल, हाल के चुनावों में उनका ह्यमजबूत कनाडा, मुक्त कनाडाह्न का नारा खूब चला। ट्रंप के टैरिफ वार और बार-बार कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने के बयानों ने कनाडा के लोगों में असुरक्षा का भाव भर दिया। कनाडाई जनमानस को पढ़ने में सक्षम कार्नी ने इस मुद्दे को हथियार बनाकर पार्टी की सत्ता में वापसी करा दी। अन्यथा कुछ समय पूर्व पार्टी के पराजय को लेकर दावे किए जा रहे थे। दरअसल, उन्होंने कनाडा को मजबूत करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को बहाल करने की बात कही ताकि घरेलू स्थिरता को मजबूत किया जा सके। निश्चित रूप से कार्नी का यह दृष्टिकोण व्यापारिक, रणनीतिक व लोगों को जोड़ने की दृष्टि से भारत के लिये महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा। एक सफल केंद्रीय बैंकर और अनुभवी निवेशक के रूप में कार्नी भारतीय बाजार से जुड़ने की आकांक्षा रखते हैं। बहरहाल, कार्नी के कनाडा की सत्ता में वापसी और भारत विरोधी तत्वों के सिमटने से नये सिरे से व्यापार वार्ता शुरू करने, छात्र वीजा सुविधा के विस्तार और आव्रजन नीतियों में स्थिरता की उम्मीद जगी है। उनकी जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बधाई देने में मजबूत साझेदारी की उम्मीद झलकती है। हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट से हजारों भारतीय छात्रों और आप्रवासियों का भविष्य प्रभावित हुआ। वीजा में देरी, पढ़ाई के बाद काम की चिंता और कथित रूप से कटुतापूर्ण माहौल ने एक सपनों के गंतव्य स्थल की छवि को धूमिल ही किया। बदले हुए हालात में कार्नी प्रशासन को इस वर्ग को आश्वस्त करने के लिये तेजी से काम करना होगा। वह वर्ग जो कनाडाई अर्थव्यवस्था में अरबों का योगदान देता है तथा उसके कुशल कर्मियों की संख्या को बढ़ाता है। भारत को पिछली कटुता को भुलाकर बेहतर संबंधों हेतु उदारता का परिचय देना चाहिए। आने वाला वक्त बताएगा कि कार्नी प्रशासन खालिस्तानी उग्रवाद और प्रवासियों संबंधी कट्टरता जैसे संवेदनशील मुद्दों को कितने बेहतर ढंग से संभालता है। वैश्विक व्यवस्था में बदलाव और अमेरिकी राजनीति में अनिश्चितता के बावजूद भारत व कनाडा के बीच जलवायु संबंधी मुद्दों, शिक्षा और डिजिटल नवाचार में गहरी भागीदारी की संभावना पैदा हुई है। कार्नी की जीत के बाद दोनों देशों के रिश्तों में जमी बर्फ पिघलने की उम्मीद विश्वास में बदल सकती है। पूर्व बैंकर रहे कार्नी ने गत सोमवार को भारत व कनाडा के रिश्तों को बहुत महत्वपूर्ण बताया था, और भरोसा दिलाया था कि अगर वे दोबारा प्रधानमंत्री बनते हैं तो दोनों देशों के रिश्तों को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। साथ ही एक चैनल से कहा कि रिश्तों में जो तनाव पैदा हुआ वो हमारी वजह से नहीं हुआ। एक-दूसरे के प्रति सम्मान के साथ इसे फिर से बहाल करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं अपने अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि वैश्विक अस्थिर अर्थव्यवस्था के बीच भारत व कनाडा इसे नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# समरस भारतीय समाज बनाने की उम्मीद

**कश्मीर में, और शेष भारत में, इस हत्या-काण्ड पर जिस तरह की प्रतिक्रिया हुई है, वह आश्वस्त करने वाली है। कुल मिलाकर कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और असम से लेकर गुजरात तक, सारा भारत एक आवाज में आतंकवाद के खात्मे की आवाज उठा रहा है। लेकिन, ऐसे तत्व भी हैं समाज में जो इन आशंकाओं को बल दे रहे हैं कि कहीं हम उन आतंकवादियों के षड्यंत्र का शिकार न बन जायें जिनका मुख्य उद्देश्य हमें धर्म के नाम पर बांटना ही है। लेकिन जब तक हमारे बीच एक भी हुसैनशाह अथवा नजाकत चाचा ज़िंदा है, तब तक एक समरस भारतीय समाज बनाने की हमारी आशा भी ज़िंदा रहेगी। जी हां, आदिल हुसैनशाह और नजाकत उन कश्मीरियों के नाम हैं जिन्होंने जान पर खेल कर यह प्रमाणित करने का प्रयास किया कि इंसानियत और उम्मीद अभी ज़िंदा है।**

आतंकियों से बदला लेना जरूरी है, पर उतना ही जरूरी यह भी है कि हम समाज के उन तत्वों की पहचान करके उन्हें परास्त करने का संकल्प लें जो एक भारतीय के रूप में हमारी पहचान को धुंधला बनाने की कोशिश में लगे हैं। ऐसा न करने या न कर पाने का मतलब है आतंकियों के इरादों को पूरा करने में मदद करना।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जो कुछ हुआ है, उसने जहां एक ओर सारे देश को हिला कर रख दिया है, वहीं दूसरी ओर सारी मनुष्यता को भी शर्मसार कर दिया है। जिस नृशंसता और क्रूरता के साथ बैसरन में आतंकवादियों ने निरपराध सैलानियों का खून बहाया है उससे भारत ही नहीं, दुनियाभर के शांति-प्रिय लोग व्यथित हैं। यह व्यथा तब तक नहीं मिटेगी, जब तक मनुष्यता के खिलाफ अपराध करने वालों को उनके किये की समुचित सजा नहीं मिल जाती। हत्या-काण्ड के सात दिन बाद तक अपराधियों का न पकड़ा जाना जरूर कुछ निराश करता है, पर इसमें किसी को संदेह नहीं होना चाहिए कि अपराधी शीघ्र ही अपने किये की सजा पायेंगे। उन्हें सजा मिलनी ही चाहिए।

पिछले एक अर्से से कश्मीर की घाटी अपेक्षाकृत शांत थी। उम्मीद की जा रही थी कि स्थिति लगातार बेहतर होगी, पर इस हत्या-काण्ड ने ऐसी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। फिर भी, इस हत्या-काण्ड पर दुनियाभर में जिस तरह की प्रतिक्रिया हुई है, वह आश्वस्त करने वाली है। सवाल यह उठता है कि जिस तरह से इस सारे काण्ड को रचा गया है उससे आतंकवादियों के मंसूबों के बारे में हम कितना कुछ समझ रहे हैं। जिस तरह नाम पूछ कर, कलमा पढ़वा कर और कपड़े उतरवा कर निरीह सैलानियों को मारा गया है, उससे यह बात तो स्पष्ट हो जाती है कि आतंकवादी कुछ लोगों को, या बहुत



सारे लोगों को, मार कर सिर्फ आतंक ही फैलाना नहीं चाहते थे, उनका असली उद्देश्य भारतीय समाज को बांटने का था।

कश्मीर में, और शेष भारत में, इस हत्या-काण्ड पर जिस तरह की प्रतिक्रिया हुई है, वह आश्वस्त करने वाली है। कुल मिलाकर कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और असम से लेकर गुजरात तक, सारा भारत एक आवाज में आतंकवाद के खात्मे की आवाज उठा रहा है। लेकिन, ऐसे तत्व भी हैं समाज में जो इन आशंकाओं को बल दे रहे हैं कि कहीं हम उन आतंकवादियों के षड्यंत्र का शिकार न बन जायें जिनका मुख्य उद्देश्य हमें धर्म के नाम पर बांटना ही है। लेकिन जब तक हमारे बीच एक भी हुसैनशाह अथवा ह्यनजाकत चाचा ज़िंदा है, तब तक एक समरस भारतीय समाज बनाने की हमारी आशा भी ज़िंदा रहेगी।

जी हां, आदिल हुसैनशाह और नजाकत उन कश्मीरियों के नाम हैं जिन्होंने जान पर खेल कर यह प्रमाणित करने का प्रयास किया कि इंसानियत और उम्मीद अभी ज़िंदा है। कश्मीर में नृशंस हत्याकाण्ड शुरू होने के कुछ ही मिनट पहले नजाकत उन सैलानियों के बच्चों के साथ खेल रहा था जिन्हें वह पहलगाम घुमाने लाया था। खेल-खेल में जब सैलानियों के तीन-चार साल के बच्चे ने अपने परिवार के गाइड को नजाकत नाम से पुकारा तो बच्चे के पिता ने टोकते हुए कहा था, नजाकत नहीं, नजाकत चाचा कहो बेटा। और इस नजाकत चाचा ने उस परिवार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी थी। कश्मीरी घोड़ेवाले आदिल हुसैन शाह तो बलिदान ही हो गया अपने मेहमानों को बचाते-बचाते। ये दोनों नाम कश्मीरियत नहीं, इंसानियत के लिए बलिदान होने वाली तमन्ना का परिचय देने वाले हैं। आज सारा देश इस तमन्ना को सलाम कर रहा है।

म्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने वहां की विधानसभा में इस हत्या-काण्ड की भर्त्सना करते हुए जब यह कहा कि उनके पास माफी मांगने के लिए शब्द नहीं हैं तो उनका गला भर आया था। उन्हें इस बात की पीड़ा थी कि वे उन सैलानियों को बचा नहीं पाये जिन्हें उन्होंने कश्मीर घूमने की दावत दी थी। सीधे-सादे शब्दों में भावुक कर देने वाला यह माफीनामा कुल मिलाकर उस हिंदुस्तानी की आवाज थी जो एक भारतीय समाज की परिकल्पना में विश्वास करता है। आदिल या नजाकत या उमर उस भावना का नाम है जिसके धागे में पिरोया हमारा देश मनुष्यता की एक माला बना हुआ है। इस भावना पर किसी भी प्रकार का अविश्वास करके मैं उम्मीद की उस किरण की चमक को जरा-सा भी कम नहीं करना चाहता जो हमें भारतीय होने पर गर्व करना सिखाती है।

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आज भी देश में कुछ ऐसे तत्व हैं जो भारत के नागरिक को हिंदू-मुसलमान की नजर से देखते हैं। यदि हम आज कश्मीर में जो हुआ उसके मूल उद्देश्य को समझने में विफल रहते हैं तो यह बांटने वाली नापाक ताकतों के इशारों पर नाचने जैसी बात ही होगी। आखिर पहलगाम में खून बहाने वाले आतंकी चाहते क्या थे? क्या कुछ लोगों को मारना ही उनका उद्देश्य था? जी नहीं, कश्मीर में आतंक फैलाने के इरादे से आये थे आतंकी और उनका उद्देश्य हमारे भारतीय समाज को बांट कर कमजोर बनाना था। इसलिए, यदि आज हम आतंकवादियों के इरादों के शिकार हो जाते हैं, इस तरह की घटनाओं को हिंदू-मुसलमान की दृष्टि से देखने लगते हैं तो आतंकियों के इरादों के पूरा होने के मददगार ही सिद्ध होंगे हम।

आतंकवादी, पाकिस्तान में बैठे उनके आका और पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष जैसे तत्व इस तरह की घटनाओं को अंजाम देकर यही चाहते हैं कि पंथ-निरपेक्षता में विश्वास करने वाला भारतीय समाज बंट जाये, कमजोर हो जाये। पंथ-निरपेक्षता और धार्मिक विविधता हमारी ताकत है। आतंकियों के इरादों को न समझ कर, अथवा गलत समझ कर, हम अपनी नासमझी का नहीं, अपनी नादानी का ही परिचय देंगे। और यह नादानी किसी अपराध से कम नहीं होगी।

हमें इस बात का भी ध्यान रखना है कि धर्म के नाम पर समाज को बांटने वाली ताकतें कमजोर भले ही हों, अभी ज़िंदा हैं। इन ताकतों को पहचानना, और उन्हें विफल बनाना, हमारे अस्तित्व की शर्त है। हमें इस शर्त पर खरा उतरना ही होगा। मैं हिंदू हूं या मुसलमान, या किसी और धर्म को मानने वाला, इससे इस बात पर कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए कि मूलतः मैं मनुष्य हूं। यहां मैं गीतकार गोपालदास नीरज की उस कविता को याद करना चाहता हूं, जिनमें उन्होंने कहा था, अब तो कोई मजहब ऐसा भी चलाया जाये, जिसमें इंसान को इंसान बनाया जाये।

आदिल और नजाकत इसी इंसान के नाम हैं। हमें अपने भीतर के इस इंसान को ज़िंदा रखना होगा। इसके लिए सतत जागरूकता और सतत प्रयास की आवश्यकता है। बांटने वाली ताकतें कमजोर भले ही हों, पर शैतानियत का पुतला होती हैं। इस शैतानियत को हरा कर ही हम इंसानियत को ज़िंदा रख सकते हैं। इंसानियत का तकाजा है कि हम बांटने वाली ताकतों के हाथों का खिलौना न बनें। नाम पूछ कर गोली चला देने वाला मनुष्यता का अपराधी है, नाम पूछकर सामाजिक बहिष्कार करने वाली मानसिकता भी उतनी ही अपराधी है। आतंकियों से बदला लेना जरूरी है, पर उतना ही जरूरी यह भी है कि हम समाज के उन तत्वों की पहचान करके उन्हें परास्त करने का संकल्प लें जो एक भारतीय के रूप में हमारी पहचान को धुंधला बनाने की कोशिश में लगे हैं। ऐसा न करने या न कर पाने का मतलब है आतंकियों के इरादों को पूरा करने में मदद करना। आतंकियों के इन इरादों को हरा कर ही हम जीत सकते हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जनपद न्यायालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई संपन्न

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली , राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा 10 मई 2025 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसके संबंध में माननीय जनपद न्यायाधीश श्री सुधीर कुमार, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के दिशा-निर्देशन में जनपद न्यायालय, बरेली सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का संचालन माननीय अपर जनपद न्यायाधीश श्री निकुन्ज मित्तल, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, बरेली द्वारा किया गया। नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा प्रशासन के अधिकारियों को लोक अदालत को सफल बनाने व अधिक से अधिक वादों के निस्तारण करने हेतु दिशा निर्देश दिए गये तथा सभी विभागों से ज्यादा से ज्यादा वादों के सफल निस्तारण कराने पर जोर दिया।

प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली, श्री सुरेश कुमार दुबे द्वारा सभी विभागों से आये अधिकारियों से लोक अदालत में लगाए वादों की जानकारी एकत्र करी, साथ ही जिन नोटिस का तामीला पुलिस प्रशासन द्वारा अथवा स्वयं के माध्यम से किया जा सकता है, उन मामलों का तामीला कराकर, निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये।

प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा यह भी बताया गया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पैरा लीगल वालंटियर को लगाया गया है, जो शहर के अलग-अलग स्थानों पर जाकर लोक अदालत का प्रचार कर रहे हैं और आम जनता को लोक अदालत के लाभ बता रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली सचिव द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत और राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने वादों का सफल निस्तारण कराएं।

बैठक में अपर जिला मजिस्ट्रेट-जे. देश दीपक सिंह, डी.पी.आर.ओ. कमल किशोर, सी.ओ. ट्रैफिक, नरेश सिंह, चकबंदी विभाग से अनुराग दीक्षित, नगर निगम से नेत्रपाल राजपूत एवं मयंक, डिप्टी.सी.एम.ओ. लईक अहमद अन्सारी, बीएसएनल से लेखाधिकारी अमित कुमार मौर्य, कैनाल न्यायालय से विपिन कुमार, असिस्टेन्ट लेबर कमिश्नर, बरेली बाल गोविन्द, बी.डी.ए. से अनिल कुमार आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# रिटायर्ड अपर पुलिस अधीक्षक राममोहन सिंह राष्ट्रपति पदक से हुए सम्मानित

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली : जौनपुर पैतृक स्थान से बिलोंग करने वाले राममोहन सिंह ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने के बाद 1996 बैच के पीपीएस अधिकारी पद पर 26 जिलों में पुलिस विभाग में मेहनत लगन से कार्यरत रहे।

आपको बताते चलें कि बरेली में 2021 से 2023 तक अपर पुलिस अधीक्षक यातायात रहे यहां से ट्रांसफर होने के पश्चात 2023 से 2024 तक बदायूं जिले में पुलिस अधीक्षक प्त ग्रामीण के पद पर रहते हुए 31 जुलाई 2024 को सेवानिवृत हुए , पुलिस विभाग में लगन से कार्य करते हुए उनके अच्छे कार्यों को सराहनीय महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने कहा कि राष्ट्रपति पदक पुलिस विभाग का सर्वोच्च सम्मान होता है यह पदक उनके सेवाभाव रूप से साधारण योगदान दिया हो यही पुलिस विभाग को सबसे बड़ा समर्पण का प्रमाण है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनको सम्मानित किया एवं अन्य अधिकारीगण जनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।




# बरेली में बेटियों ने मारी बाजी, 10वीं में रिद्धिशा और 12वीं में इप्शिता बनीं टॉपर

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली।काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट ए ग जा मि ना े श ा न (सीआईएससीई ) ने बुधवार को आईएससी (12वीं) और आईसीएसई (10वीं) का परिणाम जारी कर दिया। बरेली में 10वीं में रिद्धिशा मुखर्जी ने 98.8 व 12वीं में इप्शिता ग्रोवर ने 98.50 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। दोनों ही मेधावी हार्टमैन कॉलेज के विद्यार्थी हैं। बरेली जोन में 12वीं के टॉप टेन में बरेली का दबदबा रहा है।



जिले के सात विद्यार्थियों ने जगह बनाई है।

दसवीं में 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली रिद्धिशा मुखर्जी के माता-पिता डॉक्टर हैं, लेकिन वह इंजीनियर बनना चाहती है। रिद्धिशा ने कहा कि वह आईआईटी करना चाहती हैं। इसके लिए कोचिंग कर रही हैं। वहीं 12वीं की टॉपर इप्शिता ग्रोवर ने ह्यूमैनिटीज टॉप किया है। उन्होंने कहा कि वह बहुत खुश हैं। वह सिविल सेवा में जाना चाहती हैं।

# ई-कचरा जलाने वाली फैक्ट्रियों पर कार्रवाई टली, ध्वस्तीकरण के लिए नहीं मिली फोर्स

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद जनपद में ई-कचरा धड़ल्ले से जलाया जा रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ई-कचरा जलाने वाली फैक्ट्रियों को शोकॉज नोटिस जारी किया था। जिसमें फैक्ट्री स्वामियों से फैक्ट्री से संबंधित दस्तावेज दिखाने के लिए कहा गया था। लेकिन किसी भी फैक्ट्री मालिक द्वारा कोई दस्तावेज बोर्ड को नहीं दिखाया गया। इसके बाद बोर्ड ने जनपद में संचालित 15 ई-कचरा फैक्ट्रियां को ध्वस्त करने की संतुति की थी। इसके लिए पुलिस के आलाधिकारियों को पत्र लिखकर पुलिस फोर्स मांगी गई थी। पुलिस फोर्स ना मिलने के चलते ध्वस्तीकरण की कार्रवाई फिलहाल टल गई है।




**10 मई तक मुख्यालय जानी है कार्रवाई की रिपोर्ट**

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को 10 मई तक की गई कार्रवाई रिपोर्ट लखनऊ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय को भेजनी है। हालांकि बोर्ड ने अब तक 15 में सात फैक्ट्रियां बंद करा दी गई हैं। लेकिन बची हुई 8 ई-कचरा जलाने और बड़े पैमाने पर कारोबार करने वाली फैक्ट्रियों पर कार्रवाई करने के लिए विभाग को अब पर्याप्त पुलिस बल नहीं मिल पा रहा है।

**संवेदनशील क्षेत्र में आज भी संचालित हैं ई-कचरा जलाने वाली भट्टियां**

आज प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम को ई -कचरा फैक्ट्रियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करनी थी। मुख्यालय के निर्देश के बाद करुला ट्रांसपोर्ट नगर के निकट जन्नत बाग, बरवलान और असालतपुरा में स्थित 8 ई-कचरा जलाने वाली फैक्ट्रियों और भट्ठियों को प्रदूषण बोर्ड द्वारा बंद कराया जाना है। प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल ने होने कारण प्रदूषण विभाग की टीम कई दिनों से कार्रवाई नहीं कर पा रही है।

**पर्याप्त पुलिस बल मिलने के बाद होगी कार्रवाई**

सिटी मजिस्ट्रेट ने किंशुक श्रीवास्तव ने बताया कि जिन मोहल्लों में कार्रवाई की जानी है। वहा मोहल्ले संवेदनशील हैं। जिसमें वहां अतिरिक्त पुलिस के साथ ही कार्रवाई की जा सकती है।इसके लिए जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह को पत्र लिख पर्याप्त पुलिस की व्यवस्था के साथ कार्रवाई कर भट्ठियों को पूर्ण रूप से बंद करा दिया जाएगा। पर्याप्त पुलिस बल न होने के कारण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम को अभी कार्रवाई से रोक दिया है।

# अमरोहा के हसनपुर में भारतीय किसान यूनियन भानू क्रांति का सदस्य अभियान चलाया गया

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा**



अमरोहा ' उ. प्र-अमरोहा की हसनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम जयतोली में भारतीय किसान यूनियन भानू किसान क्रांति दल का आज सदस्य अभियान चलाया गया जहां पर बहुत लोगों ने सदस्यता ग्रहण की जिसमें उपस्थित जिसमें उपस्थित कोमल शर्मा जिला अध्यक्ष डॉ हाशिम चौधरी जिला उपाध्यक्ष डॉ जमशेद चौधरी जिला मंत्री हसीन चौधरी उत्तर प्रदेश महासचिव राहुल गुप्ता युवा जिला अध्यक्ष जीशान चौधरी ब्लॉक प्रचार मंत्री अनस चौधरी तहसील प्रचार मंत्री मेराज अली ग्राम मंत्री डॉ लवकुश कुमार तहसील उपाध्यक्ष मोमन मिस्त्री इस्तकार फरमान अमरपाल चौहान युवा तहसील अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे।

## अमरोहा में नवविवाहित की संदिग्ध हालात में मौत 13 महीने पहले हुई थी शादी कमरे में फांसी पर लटका मिला शव

अमरोहा ' उत्तर प्रदेश अमरोहा के मंडी धनौरा में मोहल्ला गांधीनगर में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है बुधवार दोपहर को 24 वर्षीय ज्योति पत्नी उमेश सैनी का शव उनके घर के कमरे में फांसी पर लटका मिला मृतका की शादी 13 महीने पहले हुई थी सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए उन्होंने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मामले में जांच जारी है

# लखनऊ की टीम ने की जच्चा बच्चा को दी जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। प्रसव के बाद जच्चा बच्चा को दी जाने वाली सुविधाओं की पोर्टल पर एंट्री की समीक्षा करने लखनऊ से तकनीकी सपोर्ट यूनिट की टीम शाहबाद पहुंची। टीम ने तहसील क्षेत्र के चकफेरी, नवीगंज जदीद, सैफनी, पटवाई और रामपुरा सब सेंटरों पर जाकर प्रसव के बाद जच्चा बच्चा को दी जाने वाली सुविधाओं को पोर्टल पर दर्ज किया गया है या इसकी जानकारी ली। टीम में लखनऊ से आए स्टेट डिविजनल एमएनडी नाजिर हैदर और मुरादाबाद यूनिट के देवेंद्र सैनी रहे। देवेंद्र सैनी ने बताया कि रामपुर जनपद में 63 सब सेंटर है, सभी की अच्छी परफॉर्मेंस है। योजनाएं पोर्टल के माध्यम से बनती है। हम लोगों ने सब सेंटरों पर जाकर चेक किया कि एएनएम और सीएचओ प्रसव के बाद जच्चा बच्चा को इलाज और टीकाकरण आदि में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में पोर्टल पर दर्ज करा रहे है या नहीं। इस दौरान बीपीएम विकास कुमार साथ रहे।

# राणा शुगर मिल का सहयोग, सीएचसी शाहबाद में क्षय रोगियों को पोषण आहार किट वितरण



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। सीएचसी शाहबाद में बुधवार को क्षय रोगियों को पोषण आहार किट वितरण की गई। पोषण आहार किट वितरण में शाहबाद के राणा शुगर मिल ने सहयोग किया। इस दौरान लगभग 100 मरीजों को पोषण आहार किट वितरण करने का लक्ष्य रखा गया था। राणा शुगर मिल के एचआर हेड मोहित कुमार ने बताया कि राणा शुगर मिल की तरफ से टीवी रोगियों को बेहतर आहार उपलब्ध करने के लिए सीएचसी पर जाकर पोषण आहार किट वितरण की गई, मिल ने 100 मरीजों को किट वितरण का टारगेट रखा था। सभी मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना करते है। सीएचसी पर इस दौरान डॉ निर्दोष, डॉ संजीव कुमार, जितेंद्र प्रताप आदि मौजूद रहे।

# शाहबाद तहसील को मिला एक और नोटरी अधिवक्ता



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद नगर के मोहल्ला एसडीएम कॉलोनी निवासी नीरज बाबू राजपूत एडवोकेट को शाहाबाद तहसील का नोटरी अधिवक्ता नियुक्त किया गया भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय विभाग में नई दिल्ली द्वारा नीरज बाबू राजपूत को शाहबाद तहसील का नोटरी अधिवक्ता नियुक्त किया गया है नीरज बाबू राजपूत एडवोकेट शाहबाद तहसील में 15 वर्षों से अधिवक्ता का कार्य कर रहे हैं इनके पिता आनंदपाल सिंह भी एडवोकेट नोटरी अधिवक्ता पहले से ही तहसील में कार्यरत है पिता के साथ ही बैठकर नीरज बाबू राजपूत प्रैक्टिस करते हैं जिनको नोटरी अधिवक्ता नियुक्त किए जाने पर अधिवक्ता साथी घर पर आकर नीरज बाबू राजपूत को बधाई देने पहुंच रहे है।

# गैंगस्टर की 41 लाख रुपये की अचल संपत्ति कुर्क



मथुरा। कोसीकलां पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में नामजद आरोपी थाना बरसाना के गांव हाथिया निवासी सलीम जाफर की लगभग 41 लाख 25 हजार रुपये की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया। आरोपी पर कथित सोने की ईंट के नाम पर ठगी करने का आरोप था। नायब तहसीलदार जयंती मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल, अपराध निरीक्षक चेतराम शर्मा, राजस्व निरीक्षक हरीश चंद्र के नेतृत्व में पुलिस बल ने आरोपी के गांव हाथिया स्थित आवास पर दबिश दी और यह कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सलीम जाफर द्वारा गैंग के अन्य साथियों के साथ मिलकर लोगों को नकली सोने की ईंट दिखाकर उनके साथ धोखाधड़ी कर अवैध संपत्ति अर्जित की।

# डिलीवरी करने पर अपंजीकृत महिला चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। नौहझील के सुरीर कस्बे में एक मकान में अवैध रूप से चल रहे क्लिनिक पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौहझील के प्रभारी ने टीम के साथ छापेमारी की। महिला चिकित्सक द्वारा क्लिनिक के पंजीकरण संबंधी दस्तावेज न दिखाने पर अपंजीकृत महिला चिकित्सक के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। सीएचसी प्रभारी डॉ. हेमराज सिंह ने बताया कि आशा के माध्यम से मंगलवार शाम 4 बजे भदनवारा रोड़ पर एक मकान में अपंजीकृत महिला चिकित्सक द्वारा डिलीवरी करने की सूचना मिली। टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की गई। अपंजीकृत महिला चिकित्सक सुमनलता द्वारा यहां नगला सपेरा निवासी गजेंद्र की पत्नी रेशमा की डिलीवरी की गई थी। महिला चिकित्सक के पास क्लीनिक व अस्पताल का पंजीकरण और रजिस्ट्रेशन नहीं था। नवजात शिशु के लिए टीकाकरण से संबंधित कोई वैक्सीन नहीं थी। मरीज व उनके परिजन ने बताया कि डिलीवरी के लिए 10 से 15 हजार रुपये लिए जाते हैं और 2 घंटे बाद डिस्चार्ज कर दिया जाता है। सीएचसी प्रभारी ड?. हेमराज सिंह ने बताया कि अपंजीकृत महिला चिकित्सक सुमनलता के खिलाफ थाना नौहझील में केस दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि सीएचसी पर वातानुकूलित मदर न्यू बोर्न केयर यूनिट का निर्माण किया गया है। इसमें आधुनिक सुविधाओं युक्त चार बैड लगाए गए हैं। 24 घंटे चिकित्सकों की तैनाती है। महिलाएं अपंजीकृत चिकित्सकों से उपचार करा जान जोखिम में न डालें।

# एसएसपी और डीएम की गाड़ी के बीच आए दो पत्रकार घायल



मथुरा। वृंदावन में अक्षय तृतीया पर्व को शांति से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी और एसएसपी ने रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम में ड्यूटी में तैनात पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इसके बाद वह जैसे ही बाहर निकले एसएसपी की बाइट लेने के लिए दो पत्रकार उनकी ओर बढ़े। अचानक एसएसपी श्लोक सिंह की गाड़ी के चालक ने गाड़ी को पीछे कर दिया। गाड़ी के पीछे खड़े दो पत्रकार एसएसपी और डीएम की गाड़ी के बीच में आकर घायल हो गए। घायल पत्रकारों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। बताया जाता है कि एक पत्रकार की कमर में तथा दूसरे के सीने में चोट लगी है।

# अक्षय तृतीया पर उमड़ा आस्था का सैलाब. श्रद्धालुओं ने किए ठाकुर बांकेबिहारी के दुर्लभ चरण दर्शन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा के वृंदावन में अक्षय तृतीया पर भक्ति और आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भीषण गर्मी और तपती धूप के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था डगमगाई नहीं। ठाकुर बांकेबिहारी जी के वर्ष में एक बार होने वाले दुर्लभ चरण दर्शन और सर्वांग दर्शन की झलक पाने के लिए लाखों श्रद्धालु वृंदावन पहुंचे। प्राचीन सप्त देवालयों सहित सभी प्रमुख मंदिरों में ठाकुर जी को गर्मी से राहत देने के लिए चंदन का लेपन किया गया। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में विशेष अवसर पर ठाकुर जी को केसरयुक्त मलयागिरि के चंदन का लड्डू अर्पित किया गया। साथ ही सत्तू, बेसन के लड्डू और शीतल पेय पदार्थों का भोग लगाया गया।

ठाकुर जी को पीत वस्त्रों से सजाया गया और रायबेल, कुंद, मोगरा तथा गुलाब की सुगंधित मालाओं के साथ स्वणार्भूषण, सोने की बांसुरी और पाजेब पहनाई गई। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

शहर को तीन जोन और नौ सेक्टरों में बांटा गया, जिनकी जिम्मेदारी अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों को सौंपी गई। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और पुलिस कप्तान श्लोक कुमार स्वयं व्यवस्थाओं की निगरानी करते नजर आए।

# खबर का असर, खबर छपते ही बदल गईं इमरजेंसी की व्यवस्थाएं

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में अव्यवस्थाओं की खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदारों की नींद टूटी। सीएमएस ने खड़े होकर अव्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया। इमरजेंसी के वार्डों में सफाई कराई गई और बेड पर चादर भी बिछाई गईं। इतना ही नहीं सात माह बाद नर्सिंग स्टाफ का ड्यूटी चार्ट भी अपडेट किया गया।



मंगलवार के अंक में नेशनल प्रेस टाइम्स ने इमरजेंसी की अव्यवस्थाओं को उजागर किया था। गंदगी के चलते वार्डों से उठती दुर्गंध और मरीजों के बेड पर चादर न होने का मामला प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके साथ ही नर्सिंग स्टाफ का ड्यूटी चार्ट सात माह से अपडेट न होने और चिकित्सकों का ड्यूटी चार्ट 21 दिन से अपडेट न होने की भी फोटो प्रकाशित की थी। खबर छपने के बाद जिला अस्पताल प्रशासन की नींद टूटी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मुकुंद बंसल ने सख्ती की तो देखते ही देखते व्यवस्थाएं बदल गईं। सुबह ही वार्डों में सफाई कराई गई और फिनाइल डालकर पूरे परिसर को साफ किया गया। इसके साथ ही सभी मरीजों के बेड पर चादर भी बिछाए गए। इतना ही नहीं सात माह बाद नर्सिंग स्टाफ का ड्यूटी चार्ट भी अपडेट किया गया। चार्ट पर विधिवत कर्मचारियों के नाम दर्ज किए गए। वहीं चिकित्सकों का ड्यूटी चार्ट भी मंगलवार को लंबे समय बाद अपडेट नजर आया। सीएमएस डॉ. मुकुंद बंसल ने बताया कि खबर का संज्ञान लेकर वह सुबह ही इमरजेंसी पहुंचे और वहां साफ-सफाई कराई। ड्यूटी चार्ट भी नियमित अपडेट कराने के निर्देश दिए हैं।

# सैफनी में फर्जी दस्तावेजों से जमीन बेचने का प्रयास, 5 लाख की ठगी; धमकी देने पर मामला दर्ज

उत्तर प्रदेश रामपुर सैफनी।फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन बेचने और 5 लाख रुपये की ठगी के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सैफनी थाना पुलिस ने सैफनी के व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।नगर निवासी वाहिद हुसैन उर्फ बबलू ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने नगर निवासी राशिद से गाटा संख्या 344 में से 600 गज जमीन 45 लाख में खरीदने का सौदा तय किया था। इसके तहत उसने 2 लाख रुपये बतौर बयाना राशिद को दे दिए।कुछ समय बाद राशिद ने गाटा संख्या 705 की जमीन दिखाते हुए कहा कि यह जमीन बेहतर लोकेशन पर है और उसे 34 लाख में देने की पेशकश की। राशिद ने इस जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर पीड़ित के सामने पेश किए, जिसमें उसका नाम दर्ज था। इस भरोसे में पीड़ित ने उसे और 3 लाख रुपये दे दिए। राशिद ने कहा कि अब कुल 5 लाख हो गए हैं, और 8-10 दिन बाद 20 लाख देकर बैनामा करा लेना, शेष 9 लाख 5-6 महीने में देना।लेकिन जब वाहिद हुसैन ने बैनामा कराने की बात की, तो राशिद लगातार टालता रहा। पीड़ित को शक हुआ और उसने गाटा संख्या 705 की जानकारी तहसील से ली, तो पता चला कि उक्त जमीन किसी और के नाम दर्ज है।जब वाहिद हुसैन ने राशिद से अपने पैसे वापस मांगे, तो राशिद ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की, जिसके आदेश पर मंगलवार को थाना पुलिस ने नगर निवासी राशिद के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कई बार टूटी हुई पुलिया का निरीक्षण भी किया गया है हादसे के इन्तेजार मे है नगर पंचायत

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद नगर पंचायत के मौहल्ला बेदान मे कर्बला को जाने वाले रोड पर एक लंबे अरसे से एक पुलिया क्षत्रिग्रस्त पड़ी जिससे साफ जाहिर है कि नगर पंचायत शाहबाद किसी बड़े हादसे के इंतजार में है शाहबाद नगर के मौहल्ला बेदान कर्बला रोड के नजद्दीक मे बत्तन खा के मकान के पास एक लंबे समय से एक पुलिया टूटी पड़ी हुई है जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है जिसको चैयरमैन प्रतिनिधि द्वारा भी कई बार टूटी हुई पुलिया का निरीक्षण भी किया गया है मगर अभी तक कोई भी कार्य नगर पंचायत द्वारा नहीं किया गया है इस पुलिया पर दो पहिया वाहन चालकों के साथ बड़ा हादसा हो सकता है और नगर पंचायत शाहबाद किसी बड़े हादसे के इंतजार में बैठा है सभासद शराफत हुसैन हस्सानी के द्वारा बोर्ड मीटिंग में भी इस मुद्दे को बार-बार रखा गया मगर उसके बाद भी नगर पंचायत शाहबाद के द्वारा पुलिया निर्माण को टालमटोल कर दिया जाता है जिससे साफ प्रतीत होता है कि नगर पंचायत शाहबाद इस पुलिया का निर्माण न कराकर किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है

# अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अगाध श्रद्धा से मनाया गया

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

ललितपुर में सिद्ध क्षेत्र श्री चंडी मंदिर स्थित ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला में ब्राह्मण महामंडल जिलाध्यक्ष श्री अशोक पटेरिया बद्दू पूर्व नपाध्यक्ष की अध्यक्षता में अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्यआयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत में प्रातः 10 बजे सभी विप्रजनों की उपस्थिति में ब्राह्मण महामंडल जिलाध्यक्ष अशोक पटेरिया बद्दू पूर्व नपाध्यक्ष ने पंडित सीताराम गोस्वामी के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार और स्वस्ति वाचन के साथ भगवान परशुराम की चित्र पर माल्यार्पण कर आरती पूजन किया ।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी रामलीला हनुमान जयंती समिति अध्यक्ष ब्रजेश चतुवेर्दी ,मदन शर्मा,पार्षद मनमोहन चौबे, संरक्षक प्रेस क्लब पवन संज्ञा ने भगवान परशुराम के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। संगठन के पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम को धूप-दीप अर्पित किए। कार्यक्रम उपरांत विप्रजनों को प्रसाद वितरण किया गया। सभी ने भगवान परशुराम को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रामेश्वर पटेरिया ,सत्य प्रकाश तिवारी,ॐ प्रकाश तिवारी, डॉ मुकेश तिवारी इं अंकित पटेरिया ,बृजमोहन शर्मा,प्रमोद गोस्वामी, रज्जन चतुवेर्दी, बृजेश बबेले,अरविंद संज्ञा, हरिराम तिवारी, कामता प्रसाद शर्मा, राजेश शर्मा ,राजू कांकर,अशोक कांकर, दयानंद तिवारी, अक्षय बौहरे, जगदीश प्रसाद गोस्वामी,गजेन्द्र ढ़ीमोले धनीराम शर्मा,परशुराम चतुवेर्दी,भूपेंद्र सरवैया ,प्रमोद बबेले,आदि उपस्थित रहे एवं संगठन के पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम को धूप-दीप अर्पित किए। कार्यक्रम उपरांत विप्रजनों को प्रसाद वितरण किया गया।।कार्यक्रम का संचालन बृजमोहन शर्मा ने किया।।अंत में आभार संगठन मंत्री महेंद्र रावत ने सभी विप्रजनों का आभार व्यक्त किया ।।

# ऐसा कैसा सौंदर्यीकरण, जब तालाब की नहीं हो सकी सफाई

## तालाब किनारे बने मूत्रालय भी गंदे, तालाब के पानी में तैर रहे शैवाल



एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर। सुम्मेरा तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य आरंभ हो गया है लेकिन अभी तक तालाब के पानी की सफाई नहीं की जा सकी है। वहीं, तालाब किनारे बने मूत्रालय भी गंदे पड़े हैं। इससे यहां पहुंच रहे सैलानियों को मायूसी हाथ लग रही है।

सुम्मेरा तालाब के सौंदर्यीकरण पर एक करोड़ अस्सी लाख रुपये खर्च किए जाने हैं। इसके मद्देनजर नगर पालिका परिषद द्वारा सौंदर्यीकरण का कार्य आरंभ करा दिया है। कार्यदायी संस्था द्वारा तालाब की चहारदीवारी की ऊंचाई बढ़ाने का काम किया जा रहा है लेकिन अभी तक तालाब की सफाई का काम पूरा नहीं किया जा सका है। वर्तमान में तालाब के अंदर जहरीली घास व शैवाल को तैरते देखा जा सकता है। वहीं, मूत्रालय भी गंदे पड़े हैं। इसके अलावा घाट की कई सीढ़ी के पत्थर भी क्षतिग्रस्त हैं। उधर, नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने पार्षद मनमोहन चौबे एडवोकेट के संग तालाब पर कराए जा रहे कार्यों की हकीकत जानी। इस
दौरान उन्होंने तालाब से पानी की कराई जा रही निकासी पर नाराजगी प्रकट की। नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा का कहना है कि यदि तालाब का पानी निकाला गया तो पक्षियों एवं पानी के अंदर रहने वाले जीवों के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो जाएगा। वैसे अभी तालाब के पानी को निकालने की कतई आवश्यकता नहीं है क्योंकि गर्मी के कारण लगातार जल स्तर नीचे की ओर खिसक रहा है। तालाब का पानी निकालने पर मोहल्ला तालाबपुरा के निजी बोर सूख जाएंगे, ऐसी स्थिति में पानी का नया संकट खड़ा हो जाएगा।

# शिक्षण संस्थानों में होंगी जल एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यशालाएः डीएम

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी केके पाण्डेय द्वारा बैठक का शुभारम्भकिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिलाधिकारी ने गंगा एवं उसकी सहायक नदियों एवं पर्यावरण के प्रति लोगों में जन जागरूकता बढाने हेतु शिक्षण संस्थानों में प्रत्येक सप्ताह जल संरक्षण एवं पर्यावरण से सम्बंधित कार्यशालाएं आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं लोगों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। ये कार्यशालाएं बच्चों और वयस्कों दोनों को पर्यावरण और संबंधित मुद्दों के बारे में शिक्षित करके जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण जैसी चुनौतियों का समाधान करने में सहायक होंगी।

बैठक में जनपद के समस्त स्थानीय निकायों एवं नगर पालिका के अंतर्गत सॉलिड वेस्ट के निस्तारण हेतु स्थापित एम.आर.एफ सेंटरों के संचालन की समीक्षा की गयी। बताया गया कि कचरे को अलग-अलग करने और फिर से उपयोग में लाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण सुविधा है। इससे शहरों में कचरे के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है इसलिए सभी सेंटरों को पूर्ण क्षमता के साथ क्रियाशील बनाने पर जोर दिया गया। नदियों में प्रदूषण की रोकथाम एवं नदियों के किनारे जैविक खेती के प्रोत्साहन हेतु चयनित गंगा ग्रामीणों में जागरूकता गोष्टियाँ कराये जाने के निर्देश भी दिये गये।

बैठक में उपायुक्त श्रम रोजगार आरके यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी नवीन मिश्रा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग विजय चंद्रा, अवर अभियंता जल निगम अश्विनी कुमार, अवर अभियंता लघु सिंचाई अरुण कुमार, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग विनोद कुमार, स्वास्थ्य विभाग प्रतिनिधि डॉ. राजेश भारती, अवर अभियंता नगर पालिका खुशबू खान, बुंदेलखंड सेवा संस्थान से बासुदेव सिंह, परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे उपस्थित रहे। बैठक का संचालन प्रभागीय निदेशक गौतम सिंह द्वारा किया गया।

# पराली जलाई तो लगेगा पचीस हजार जुमार्ना - एसडीएम

## पुलिस अधिकारियों को कार्यवाही का दिया निर्देश

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर महरौनी क्षेत्र में लगातार आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है, जिसका सबसे बड़ा कारण खेतों में पराली जलाना बताया गया, खेतों में पराली जलाने के कारण आग लगने की घटनाएं दिन प्रतिदिन बिकराल रूप ले रही है इसके लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी विभागों की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई '

उप जिलाधिकारी राजबहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक के दौरान पराली जलाने वाले किसानों पर कड़ी कार्रवाई एवं उन पर जुमार्ना लगाने के कड़े निर्देश दिए गए, उप जिलाधिकारी ने बताया कि किसानों द्वारा लगातार खेतों की पराली जलाई जा रही है, इस मौसम ने हवा चलती है जिससे आसपास के क्षेत्र में आग फैल जाती है जो की भयानक रूप धारण कर लेती है और बड़ा नुकसान हो रहा है, अब किसी भी स्थिति में पराली जलाने वाले किसानों को बख्शा नहीं जाएगा, उन पर कार्यवाही होगी एवं ?25000 का जुमार्ना भी लगेगा '

बैठक के दौरान तहसीलदार तनवीर हसन ने सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को क्षेत्र में पराली जलाने वाले किसानों की सूची बनाने का निर्देश दिया, साथ ही पुलिस अधिकारियों को भी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया !

# हदबंदी का वाद खारिज होने से किसान परेशान, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। तहसील पाली में न्याय न मिलने से क्षुब्ध एक किसान पानी की टंकी पर चढ गया था, मौके पर पहुंचे अधिकारियों द्वारा न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन 2 दिन बाद उसका वाद खारिज कर दिया गया, जिससे किसान को न्याय नहीं मिल पाया है। इस सम्बन्ध में पीडित ग्राम करमरा निवासी खूब सिंह पुत्र मान सिंह लोधी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर न्याय दिलाने की मांग की है, अन्यथा की स्थिति में उसने आत्मदाह की चेतावनी दी है।

जिलाधिकारी को दिये गये ज्ञापन में बताया गया है कि उप जिलाधिकारी न्यायालय में हदबन्दी पुष्टि का वाद चल रहा है। 23 अप्रैल को बहस की तारीख नियत थी, लेकिन कोई सुनवायी नहीं हुयी, जिस कारण वह आत्मदाह करने के लिये पानी की टंकी पर चढ गया था। मौके पर पहुंचे राजस्व टीम के अधिकारियों ने कार्यवाही का आश्वासन दिया था, लेकिन 2 दिन बाद 25 अप्रैल को उसके वाद को खारिज कर दिया।

# कोटे की दुकान पर कम मिला चावल, उप जिला मजिस्ट्रेट ने की जांच, कालाबाजारी किए जाने के चलते पुलिस को लिखा गया पत्र

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर उचित दर विक्रेताओं द्वारा बिना सूचना के ही दुकान दंबद कर दी जाती है। ऐसे ही ब्लाक बार के मिर्चवारा के कोटेदार द्वारा कई बार दुकान नही खोली जाती है। जिससे खाद्यान्न लेने के लिए आने वाले उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद 26 अप्रैल को जिला पूर्ति अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। जहां दुकान बंद पायी गयी। मंगलवार को टीम ने ग्रामीणों के बयान दर्ज कर कोटेदार पर कार्यवाई शुरू कर दी है। बता दें कि ब्लाक बार के ग्राम मिर्चवारा के ग्रामीणों ने मुख्यालय आकर शिकायत दर्ज करायी थी, कि गांव में स्थित दुकान पर कम खाद्यान्न दिया जाता है। और दुकान भी अधिकतर बंद ही रहती है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिला पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान दुकान बंद पायी गयी थी, इसके बाद दुकान को सीज कर दिया गया। उप जिलाधिकारी द्वारा स्टाक का मिलान किया गया, तो चावल गायब पाया गया। इसकी कालाबाजारी की गयी। एफआईआर के लिए पुलिस को लिखा गया है। बताते चलें कि ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम मिर्चवारा में 26 अप्रैल को अधिकारियों ने दोपहर 3 बजे निरीक्षण किया था, तो दुकान बंद थी, कोटेदार नही मिला था। घर पर उसकी पत्नी मिली थी। इस दोरान कई ग्रामीणों ने खाद्यान्न न बांटने की शिकायत की गई। 28 अप्रैल को उप जिला मजिस्ट्रेट निशांत तिवारी की उपस्थिति में कोटेदार द्वारा दुकान की सील खोलकर खाद्यान्न का वजन किया गया। जहां गेंहू मिला, चावल नहीं मिला। ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार द्वारा अंगूठा लगवा दिया जाता है, लेकिन खाद्यान्न नहीं दिया जाता है। जांच के दौरान पाया गया कि चावल की 207 कम पायीं गयी। जिसमें पाया गया कि कोटेदार द्वारा कालाबाजारी की गयी है। जांच के बाद उचित दर विक्रेता पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

# आतंकी हमले के विरोध में पेंशनर्स ने निकाला कैंडल मार्च, शहीद पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**

बैतूल। जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा हिन्दू पर्यटकों की धार्मिक पहचान पूछकर की गई नृशंस हत्या के विरोध में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन बैतूल एवं प्रोग्रेसिव पेंशन एसोसिएशन बैतूल के संयुक्त बैनर तले एक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह कैंडल मार्च अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर करगिल चौक तक निकाला गया। करगिल चौक पर एकत्र होकर पेंशनर्स ने आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पेंशनरों ने आतंकवादी घटना पर गहरा आक्रोश प्रकट किया और सरकार से मांग की कि वह इस नृशंस हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों और उनके सरपरस्तों को कड़ा सबक सिखाए। इस अवसर पर वरिष्ठ पेंशनर्स सुंदरलाल कड़वे, एमएम अंसारी, कैलाशचंद्र मालवीय, आरडी यादव, प्रकाश मांडवे, ललित सिसोदिया, दिलीप श्रीवास, जगन्नाथ पाठेकर, वीके तिवारी, शिवचरण हजारे, शेख इशाक, अशोक गुलहाने, नरेंद्र सोनी, प्रेमलाल बारंगे, अमरलाल गोहिते, अशोक श्रीवास, एके भार्गव, पुरण सिंग सोलंकी, पृथ्वी सिंग, इन्द्र सिंग चौहान, प्रेम पवार, रमेश मंसुरिया, गयाप्रसाद दीवान, लक्ष्मण नाचने, हरिओम रायपुरे, पीके जैन सहित लगभग 100 पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# किसानों कि सुविधा के मद्देनजर अब मंडी में होगा दो लाख रुपए तक नगद भुगतान किसानो - व्यापारियों नें बैतूल विधायक को बताई समस्या

**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**



बैतूल/कृषि उपज मंडी बैतूल में चाक चौबंद व्यवस्था एवं किसानो को होने वाली समस्याओ के निराकरण के लिये लगभग एक माह पहले बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के साथ मंडी के अधिकारी , कर्मचारियों और व्यापारियों की बैठक लेकर कृषि उपज मंडी की गतिविधियों की गहन समीक्षा की थी। समीक्षा के दौरान मंडी में व्यवस्थाओ को दुरूस्त करने,सुरक्षाकर्मियों ओर कर्मचारियों के लिये परिचयपत्र की अनिवार्यता, तौलकांटों को व्यवस्थित करने , मंडी परिसर में स्वच्छता ,48 घंटे में शेड खाली करने , आरटीजीएस से भुगतान करने सहित अन्य निर्देश दिये थे। मंडी प्रबधंन द्वारा उक्त निदेर्शों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा हैं। आरटीजीएस से भुगतान को लेकर किसानो को आ रही समस्याओ के संबंध में किसानों सहित व्यापारियों द्वारा बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल को अवगत करावाकर 2 लाख रुपए तक का नगद भुगतान करवाने कि माँग की थी। किसान हितैषी उक्त मॉग को गभीरता से लेकर बैतूल विधायक ने कलेक्टर से चर्चा की। कलेक्टर द्वारा सहमति जताकर मंडी प्रबंधन को 1 मई से व्यापारियों द्वारा किसानो को दो लाख रुपए तक के नगद भुगतान करवाने के निर्देश दिये।

अन्य बैको में एकाउंट होने से भुगतान में हो रही थी देरी-
उल्लेखनीय है कि कृषि उपज मंडी में व्यापारियों द्वारा किसानों को आरटीजीएस से भुगतान कि व्यवस्था लागू होने के बाद आ रही समस्यो से किसानो ने बैतूल विधायक श्री खण्डेलवाल को अवगत कराकर बताया था कि उनके एकाउंट सहाकारी बैको सहित अन्य बैको में होने के कारण भुगतान में विलंब हो रहा है। कृषि उपज मंडी के व्यापारियों ने बैतूल विधायक से मुलाकत कर किसानो की उक्त समस्या से अवगत कराया था। बैतूल विधायक से चर्चा के दौरान व्यापारियों ने दो लाख तक का नगद भुगतान समय सीमा में करने तथा बड़े भुगतान आरटीजीएस से करने की मॉग कि थी। बैतूल विधायक ने इस संबंध मे कलेक्टर से चर्चा कर उन्हे किसानो की भुगतान संबंधी समस्या से अवगत कराया। किसानो को राहत देते हुये कलेक्टर ने मंडी सचिव को व्यापारियों से किसानों को दो लाख रुपए तक का नगद भुगतान करवाने,बड़े भुगतान आरटीजीएस से करवाने तथा यह व्यवस्था 1 मई से लागू करने के निर्देश दिये।

# अचानक हुए विस्फोट में चार बच्चे घायल, बैटरी या डायनामाइट में ब्लास्ट हुआ यह साफ नहीं, जांच जारी

बैतूल-शुरूआती जांच में सामने आया कि बच्चे एक बैटरी से छेड़छाड़ कर रहे थे और संभवतः उसमें तार जोड़कर लाइट जलाने की कोशिश कर रहे थे, इसी दौरान बैटरी फट गई। हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि बच्चे नदी किनारे से कोई विस्फोटक (संभवतः डायनामाइट) उठा लाए थे, जिससे खेलते समय यह हादसा हो गया। मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के अंतर्गत आने वाले मिलानपुर गांव में सोमवार दोपहर एक विस्फोट में चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बच्चों को प्राथमिक इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह विस्फोट उस समय हुआ जब बच्चे किसी बैटरी या संदिग्ध सामग्री के साथ खेल रहे थे।बताया जा रहा है कि बच्चे घर के पास खेल रहे थे, तभी अचानक धमाका हो गया, जिससे वे घायल हो गए। घटना की खबर मिलते ही बैतूल बाजार थाना और कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, घायलों और परिजनों से पूछताछ की। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया कि बच्चे एक बैटरी से छेड़छाड़ कर रहे थे और संभवतः उसमें तार जोड़कर लाइट जलाने की कोशिश कर रहे थे, इसी दौरान बैटरी फट गई। हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि बच्चे नदी किनारे से कोई विस्फोटक (संभवतः डायनामाइट) उठा लाए थे, जिससे खेलते समय यह हादसा हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी के किनारे मछली मारने के लिए अक्सर अवैध रूप से डायनामाइट का उपयोग किया जाता है। संभव है कि कोई ऐसा विस्फोटक वहीं पड़ा हो, जिसे बच्चे अनजाने में उठा लाए हों।

# बिजली कंपनी की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण, 5 गांव की लाइन काटी

**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**

बैतूल। विकासखंड प्रभात पट्टन के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों के आदिवासी बहुल गांवों पर बिजली विभाग द्वारा अचानक लाखों रुपए की बकाया राशि थोप दिए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। पंचउमरी, कुण्ड, घोरपेंड, पंचमऊ और अमराई गांवों के कुल 182 घरेलू कनेक्शनों पर 21 लाख 44 हजार 271 रुपए का बिल थमा दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बीते तीन वर्षों से न तो बिजली विभाग का कोई कर्मचारी मीटर रीडिंग लेने आया और न ही किसी प्रकार का बिल मांगा गया, ऐसे में अचानक इतनी बड़ी राशि का भुगतान कैसे करें।

इस समस्या को लेकर पंचउमरी, घोरपेंड, पंचमऊ एक्स अमराई कुण्ड ग्राम के ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाडे के साथ बुधवार 30 अप्रैल को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और तत्काल बिजली सप्लाई बहाल करने की मांग की।

- 36 घरेलू कनेक्शन पर 6 लाख 21 हजार 478 रुपए का बिल

गांव के रामराव इवने ने बताया कि केवल उनके गांव पंचउमरी में 36 घरेलू कनेक्शन हैं, जिन पर कुल 6 लाख 21 हजार 478 रुपए का बिल थमा दिया गया है। उन्होंने बताया कि तीन साल से किसी ने बिल मांगा नहीं, हम लोगों ने सोचा कि शासन की किसी योजना के तहत बिजली माफ हो गई होगी। अब अचानक इतना बड़ा बिल देख कर हम घबरा गए हैं। हम मजदूरी कर परिवार चलाते हैं, इतनी बड़ी राशि कहां से भरेंगे।

रामराव इवने ने बताया कि बिजली कंपनी द्वारा दस दिन पहले गांव की लाइन काट दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि पूरी राशि जमा करने के बाद ही लाइन चालू की जाएगी। बिजली न होने से छोटे बच्चे रातभर परेशान रहते हैं। यह इलाका जंगल से घिरा है और अंधेरे में जहरीले जीव-जंतुओं का डर हमेशा बना रहता है।

- तीन वर्षों से विभाग की ओर से न तो कोई रीडिंग हुई और न ही बिल दिया गया

अन्य ग्रामीणों गुलाबराव इवने, रमेश गव्हाडे, बाबूराव इवने, मुन्ना इवने ने भी बताया कि इतने अधिक बिल की जांच होनी चाहिए, क्योंकि वे अपने घरों में केवल लाइट और पंखा चलाते हैं, फिर भी लाखों रुपए का बिल आना समझ से परे है। जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाडे ने कलेक्टर की अनुपस्थिति में अपर कलेक्टर को ग्रामीणों की व्यथा से अवगत कराते हुए मांग की कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और ग्रामीणों की बिजली तुरंत चालू की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जब तीन वर्षों से विभाग की ओर से न तो कोई रीडिंग हुई और न ही बिल दिया गया, तो ग्रामीणों पर एकमुश्त लाखों का बिल थोपना न्यायसंगत नहीं है।

- इन गांवो में थोपे गए लाखों के बिल

बिजली कंपनी के बिसनूर कार्यालय द्वारा जिन पांच गांवों पर कुल बकाया बताया गया है, इनमें पंचउमरी 36 कनेक्शन पर 6,21,478 रुपए, घोरपेंड 28 कनेक्शन पर 1,94,267 रुपए, पंचमऊ

## खैरथल में भगवान परशुराम जन्मोत्सव की रही धूम

# बाइक रैली कलश यात्रा, भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना का हुआ कार्यक्रम

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

खैरथल :हर वर्ष की भांति खैरथल के परशुराम भवन में भगवान परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया कार्यक्रम मे वन मंत्री राजस्थान संजय शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप मे शिकरत की मंच पर रैणागिरी धाम के बाल्काचार्य महाराज संत मामचंद जोशी भी अतिथि के रूप मे मौजूद रहे अतिथियों का स्वागत अध्यक्षा रामसिंह महिला अध्यक्षा मीना शर्मा, दिनेश कौशिक, वेदू कौशिक ने किया

इससे पूर्व युवाओ की ओर से युवा अध्यक्ष आकाश त्रिवेदी के नेतृत्व में बाइक रैली निकाल गयी परशुराम चौक से परशुराम भवन पर समाप्त हुई उसके बाद महिला मंडल द्वारा कलश यात्रा के साथ भगवान परशुराम की प्रतिमा को नगर-भ्रमण कराया गया



गांजे-बाजे के साथ खैरथल के मुख्य मार्गो से होकर परशुराम जी परशुराम भवन पहुचे उसके बाद विधिवत रूप से परशुराम भगवान की मूर्ति नवनिर्मित परशुराम मंदिर मे स्थापित की मंदिर निर्माण एवं भंडारा भामाशाह एवंम् समाजसेवी बी एन अवस्थी द्वारा कराया गया मुख्य अतिथि वन मंत्री संजय शर्मा रहे

धाम के महाराज बालकादेव मामचंद जी जोशी जिला युवा अध्यक्ष आकाश मिश्रा अलवर किशनगढ़ के पूर्व प्रधान विनय व्यास जसाई सरपंच वीरेंद्र शर्मा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राम सिंह शर्मा, एडवोकेट देवेन्द्र शर्मा, पत्रकार रविंद्र शर्मा, बृजनंदन अवस्थी , युवा अध्यक्ष ब्रह्मण समाज आकाश त्रिवेदी, वि प्र कल्याण समिति के अध्यक्ष संदीपमिश्रा,शहर अध्यक्षा अंकित शर्मा विष्णु शर्मा राजेश जोशी, कैलाश जोशी,ओम प्रकाश जोशी ,अंकित लाटा,प्रेम कौशिक, छाजूराम शर्मा, राजेश मिश्रा, संजय शर्मा, मोहन लाल शर्मा,मुरारी लाल जयप्रकाश जोशी अमित शर्मा ,पार्षद नारायण छागाणी डॉ.ओम प्रकाश मान्धु, ध्रूव उपाध्याय,भारत शर्मा, मोनू शर्मा पेहल, दिनेश कौशिक,राजू शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष मीना शर्मा ,उपाध्यक्ष ममता शर्मा, सचिव पूजा शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनीता मिश्रा संरक्षक शारदा देवी, तमन्ना जोशी, आदि ने सहयोग किया मंच संचालन राधेश्याम जोशी ने किया।

# बराल स्कूल मे नई प्रिसिंपल का गांव वालो ने किया स्वागत।

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सीकर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बराल में नई प्रिसिंपल सुधा तोषनीवाल के पद ग्रहण करने पर भाजपा नेत्री कविता चौधरी , उप सरपंच बोदूराम व सुवालाल ने साफा व गुलदस्ता भेंट कर जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया स्वागत सत्कार के बाद ग्राम वासियों ने आशा व्यक्त की की नई प्रिंसिपल सुधा तोषनीवाल के पदभार ग्रहण करने से स्कूल का माहौल और ज्यादा अच्छा होगा



तथा स्कूली बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के अवसर प्राप्त होंगे इस अवसर पर श्यामलाल मूण्ड, शंकरलाल मूण्ड ,पन्नालाल, सुल्तान ,नन्दू काबरा,शारदा काबरा ,समस्त स्कूल स्टाफ व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# गौशाला में व्यवस्थाओं को लेकर मीटिंग हुई आयोजित



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सीकर आभावास। हनुमान मित्र मंडल गौशाला आभावास में समस्त ग्रामवासियों ने मीटिंग का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता हीरा लाल बाजिया ने की। गौशाला के कोषाध्यक्ष रामप्रसाद गर्ग ने बताया कि ग्राम के कुछ व्यक्तियों द्वारा व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप लगाये जाने के विरोध में सभी ग्रामवासी एकत्रित होकर विचार विमर्श किया। जिसमें सिद्ध हुआ कि उन लोगों द्वारा लगाये गये आरोप निराधार थे। सभी ग्रामवासियों ने एकमत होकर एवं कार्यकारिणी में पूर्ण विश्वास जताते हुए कार्यकारिणी को यथावत रखने का प्रस्ताव पारित किया। गौशाला अध्यक्ष बाबूलाल महाराज, बजरंग लाल सीगड़, विनोद सैनी, गोपाल फौजी, सुवालाल, मातादीन सोनी, भोमाराम, मोटाराम कुलड़िया, रामेश्वर लाल, मदनलाल ठेकेदार मांगीलाल जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

# बकाया एरिया भुगतान एवं समय पर मानदेय की मांग

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी! बकाया एरियर भुगतान एवं समय पर मानदेय एवं जीएसटी नहीं काटने के संबंध में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी महोदय को ज्ञापन सौपा।

चिकित्सा विभाग के संविदा निविदा एवं मानदेय कर्मचारी संघ ने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी महोदय को ज्ञापन देकर प्लेसमेंट कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया एवं ज्ञापन दिया गया ' संविदा निविदा एवं मानदेय कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष अमित गौतम ने ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान सरकार द्वारा श्रम विभाग कि दरे बढ़ाई गई थी 1 जनवरी 2023 से राजस्थान सरकार द्वारा संविदा प्लेसमेंट कर्मचारियों को बढ़ा हुआ वेतन एवं बकाया एरियर दिया गया था जो कि अभी तक भी चिकित्सा विभाग के संविदा प्लेसमेंट कर्मचारियों को नहीं दिया गया है

2. समय पर वेतन दिलाने की मांग की गई।

3- एनआरएचएम कर्मचारियों का वेतन समय पर दिलाने हेतु एवं जीएसटी नहीं काटने के संबंध में ज्ञापन में लिखा हुआ है। ज्ञापन में बताया गया है कि एनआरएचएम कर्मचारियों फिक्स वेतन पर(7500) कार्य कर रहे हैं इसमें से भी



18 पर्सेंट जीएसटी 3% टीडीएस एवं एक परसेंट सर्विस टैक्स काटा जा रहा है जिससे कि इन कर्मचारियों को बहुत ही अल्प वेतन दिया जा रहा है इतने अल्प वेतन में इन कर्मचारियों का परिवार का पालन पोषण नहीं हो पा रहा है में एनआरएचएम कर्मचारियों का जीएसटी नहीं काटा जाए एवं जो जीएसटी काटा गया है वह वापस रिफंड किया जाए एवं कर्मचारियों को समय पर वेतन प्रतिमाह दिया जाए। इस संबंध में सभी संविदा एवं प्लेसमेंट कर्मचारी सुबह क्रोम वार के बाहर इकट्ठे हुए एवं नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को चिकित्सा प्रशासन के सामने रखा इस पर डिप्टी पीएमओ श्रीमान सुरेश अग्रवाल सर ने सभी प्लेसमेंट कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि आप सभी कर्मचारियों का वेतन इस माह से ही समय पर दिया जाएगा एवं एरियर से संबंधित फाइल को आज ही पूरी करके जिला कलेक्टर महोदय को भेजा जाएगा। एनआरएचएम कर्मचारियों का जीएसटी नहीं काटा जाएगा एवं एनआरएचएम के कर्मचारियों का समय पर वेतन दिया जाएगा। डिप्टी पीएमओ के आश्वासन के बाद सभी कर्मचारी अपने कार्य पर लौट गए। इस दौरान चिकित्सा विभाग के लैब टेक्नीशियन, ऑक्सीजन प्लांट ऑपरेटर ,गार्ड ,सफाई कर्मचारी ,हेल्पर ,वॉशरमैन ,इलेक्ट्रीशियन, शामिल रहे।

कोरोना काल में भी इन सभी कर्मचारियों ने अपनी जान के परवाह किए बगैर सरकार के निदेर्शानुसार बिना अपने परिवार की परवाह किए बगैर कार्य किया है।इस दौरान चिकित्सा विभाग से संबंधित सभी विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे जिससे कि जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाएं डग मगा गई। प्लेसमेंट कर्मचारियों ने मांगे नहीं मानने पर भविष्य में उग्र आंदोलन करने की बात कही।

## जयपुर विकास खंड एवं पंचायत समिति के सामने विरोध प्रदर्शन किया



सिद्धार्थ सेन-( पुरूलिया)- पश्चिम बंगाल मे शिक्षक धोटाला के विरोध में ए.अई.डी.एस.ओ के द्वारा जयपुर विकास खंड एवं पंचायत समिति के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। जयपुर विकास खंड के सामने जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। यह जुलूस पहले जयपुर अस्पताल से लेकर जयपुर विकास खंड एंव पंचायत समिति जाकर रूका। तथा जयपुर विकास खंड के अधिकारी को लिखित दस्तावेज दिया गया। कुल ८ प्रकार के दावा लेकर यह प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन मे उपस्थित थे ए.अई.डी.एस.ओ के छात्र संगठन तथा पश्चिम बंगाल राज्य के ए.अई.डी.एस.ओ के सदस्य एंव दक्षिण संगठन जिला के कोषागार के कोषाध्यक्ष विपिन कुमार माझी। इनमे से कुछ विशेष दावा इस प्रकार है-

?- राज्य मे जितने भी विधालय है सभी मे शिक्षक नियुक्त करना होगा।

२- सभी स्कूलो मे शिक्षा सामग्री सही करना होगा

३- जितने योग्य शिक्षक है उन्हे नौकरी देना होगा।

४- शिक्षक घोटाले मे जितने भी अपराधी है उनपर सख्त कारवायी किया जाए।

# उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष बूंदी पद पर रविंद्र कुमार सिंह को किया नियुक्त

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी ! जिला उपभोक्ता विवाद परितोष आयोग बूंदी के अध्यक्ष पद का पिछले दो माह से रिक्त चल रहा था हाल ही में नियुक्ति के तहत बूंदी में रविंद्र कुमार सिंह द्वारा अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया! इस अवसर पर



अभिभाषक परिषद बूंदी के कई सदस्यों द्वारा उनका माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया इस दौरान अजीत कुमार जोशी ,मुकेश जोशी ,निशांत कुमार सोनी ,नीरज कुमार वर्मा ,श्रीमती रंजना जोशी आदि अधिवक्ता और जगपाल सिंह सतीश चतुवेर्दी बिरजू गुजर, महेंद्र सिंह, दीपक गुजर , सुधीर, सियाराम गुजर, भंवरलाल सैनी आदि स्टाफ मेंबर उपस्थित रहे

# गंभीर मारपीट के आरोपी को 05 साल की सजा सुनाई

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बूंदी 30 अप्रैल। जिला न्यायाधीश बूंदी श्री अजय शुक्लाने बुधवार दिनांक 24.4.25 को गंभीर मारपीट के 09 वर्ष पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए शंकरलाल पुत्र कल्याण गूजर निवासी माटूंदा थाना सदर बूंदी को 5 साल की सजा ओर 5000 अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला इस प्रकार है कि दिनांक 24.6.16 को फरियादी गोवर्धन पुत्र कल्याण सिंह निवासी शोभाजी का खेड़ा की रिपोर्ट कि मुल्जिम भाई शिवराज सिंह की दुकान में लठ्ठ लेकर आया और जान से मारने की नियत से सिर पर वार किया और गिरने के बाद सिर हाथों पैरों पर वार किया जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई बाद अनुसंधान थाना सदर द्वारा आरोप पत्र पेश किया। दौरान ट्रायल लोक अभियोजक भूपेंद्र सक्सेना के द्वारा अभियोजन पक्ष की ओर से 9 गवाह पेश कर 12 दस्तावेज को प्रदर्शित कराया गया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद दोष सिद्व होने पर धारा 323आईपीसी में 6माह, धारा 324आईपीसी 2वर्ष एवं 2000 रु जुमार्ना ओर धारा 325आईपीसी में 5साल की सजा 5000 रु जुमार्ना धारा 452 भादस में 5 साल की सजा और 5000 रु जुमार्ना से दण्डित किया। अदम अदायगी जुमार्ना अभियुक्त को 2माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई। अभियुक्त जमानत पर आजाद था जिसे अभिरक्षा में लिया जाकर सजा वारंट बनाया जाकर जिला कारागृह भेज दिया गया है!

# उज्जैनी से सहायक भू-अधीक्षक का नही हो रहा मोहभंग



सिंगरौली । बरगवां तहसील के उज्जैनी वृत्त से सहायक भू-अधीक्षक का मोहभंग नही हो रहा है। प्रभारी नायब तहसीलदार का प्रभार वापस पाने अब भोपाल नेताओं के यहां भाग दौड़ करने में लगे हुये हैं। वही आरोप है कि सरकारी वाहन का दुरूपयोग हो रहा है।

गौरतलब है कि कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने राजस्व अधिकारी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के प्रभार में फेर बदल किया था। जहां उज्जैनी वृत्त में प्रभारी नायब तहसीलदार के रूप में पदस्थ सहायक भू-अधीक्षक प्रदीप सिंह को ऑफिस अटैच कर दिया था। इसके बाद प्रदीप सिंह अन्य अधिकारियों के यहां प्रभार पाने के लिए भागदौड़ करते रहें। लेकिन तटस्थ कलेक्टर के आगे प्रदीप सिंह की एक भी नही चली। अब सूत्र बता रहे हैं कि प्रदीप सिंह भोपाल में डेरा डाल दिया है। भाजपा नेताओं व मंत्रियों के यहां परिक्रमा कर रहे हैं। वही साथ में वाहन भी है। जहां शायरन भोपाल में बज रहा है। इधर चर्चा है कि सहायक भू-अधीक्षक प्रदीप सिंह कलेक्टर के आदेश का अवहेलना कर एक बार फिर से नायब तहसीलदार बनने का ख्वाब देख रहे हैं। इस तरह के आरोप कई सभ्रांत नागरिको के द्वारा लगाया जा रहा है।

# अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम का पूजन अर्चन कर वितरित किया गया प्रसाद

## जयंत कल्याण मण्डप में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद द्वारा किया गया आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

सिंगरौली। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भगवान परशाराम जी की जन्मोत्सव के अवसर पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम जी की पूजा-अर्चना, भजन, कीर्तन, और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से उनकी महिमा और आदशों को याद किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया और भगवान परशुराम जी के आदशों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, धार्मिक व्याख्यान, और सामूहिक पूजा-अर्चना शामिल थीं। भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने समाज में एकता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर नए संकल्पों को धारण करने और पिछले वर्ष के संकल्पों को पूर्ण करने का दृढ़ निश्चय किया है। परिषद ने भगवान परशुराम का कृपा और आशीर्वाद से अपने संकल्पों को पूर्ण करने का विश्वास व्यक्त किया है। इस अवसर पर परिषद ने आगे की गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की है, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को साथ लेकर भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने और समाज में एकता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। भगवान परशुराम का जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में परिषद ने अपने उद्देश्यों और आदर्शों को पुनः दोहराया और समाज के लिए काम करने का संकल्प लिया।

वेदपाठी पांच ब्राह्मणों में शारदा प्रसाद शुक्ला , मुरारी पांडेय ज, विवेक शुक्ला , राधा कृष्ण शुक्ला , वेदाचार्य पाठक शामिल रहे। इन वेदपाठी ब्राह्मणों ने भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना और हवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में एन सी एल जयंत के मुखिया राजीव कुमार जी.एम. जयंत, कमलेंदु झा जी.एम. ई. एंड एम. पी. के. त्रिपाठी एसोपी जयंत, कमलेश चंद्र अवस्थी पूर्व सचिव बीएमएस जयंत, सुरेश दुबेइंटक नेता, रुपेश चंद्र पांडेय जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल, कमल शुक्ला सचिव एचएमएस जयंत, देवेश पांडेय अध्यक्ष नगर निगम सिंगरौली, मनोज दुबे जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस, रवि चौबे सचिव बीएमएस जयंत, राजकुमार दुबे अध्यक्ष सीएमएस जयंत, अरविंद सिंह शामिल रहे।

# बैढ़न से संचालित हो रहा है देवसर आईसीडीएस का दफ्तर

सिंगरौली। स्थानीय मुख्यालय के महिला एवं बाल विकास विभाग का कामकाज पिछले कुछ महीने से भगवान भरोसे है। बैढ़न से परियोजना दफ्तर का संचालन प्रभारी कर रहे हैं। जहां अधिकांश आंगनवाड़ी केन्द्रों के ताले भी नही खुल रहे हैं। वही दफ्तर में वसूलीबाज दलाल काफी सक्रिय हैं।

गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास विभाग देवसर परियोजना दफ्तर कई महीनों से प्रभारी के भरोसे है। बैढ़न शहर में पदस्थ परियोजना अधिकारी आरपी सिंह को देवसर परियोजना कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार मिला हुआ है। जहां आरपी सिंह बैढ़न से ही देवसर आना-जाना कर रहे हैं। जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग केन्द्र एवं प्रदेश सरकार का महत्वपूर्ण विभाग है। बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का कुपोषण दूर करने के साथ-साथ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित हैं। साथ ही बेटी बचाओं- बेटी पढ़ाओं योजना है। लेकिन प्रभारी परियोजना अधिकारी देवसर में बैढ़न से ही आना-जाना कर रहे हैं। जिसके कारण यहां के क्षेत्र के अधिकांश आंगनवाड़ी केन्द्र या तो समय से नही खुलते हैं या फिर कुछेक में ताला लटका रहता है। यह भी आरोप है कि यहां दफ्तर में कथित सोनी सरनेम का व्यक्ति दलाल के रूप में हाबी है। साझा चूल्हा कार्यक्रम सहित सहित अन्य योजनाओं में उगाही बगाही दलाल सक्रिय होकर कर रहा है। इसके अलावा प्रभारी परियोजना अधिकारी की एक नही अनेक काले कारनामे हैं। बजट सत्र समाप्ति के समय कई योजनाओं की राशि में बंदरबांट किया है। जिसका पूर्व में खुलासा किया जा चुका है। यहां के कई गणमान्य नागरिको ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# ट्रेन में यात्रियों से वसूली करने वाला फर्जी पुलिसकर्मी दबोचा

## उत्तराखंड पुलिस की वर्दी पहनकर कर रहा था अवैध वसूली, नकदी बरामद

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली।** हरिद्वार से दिल्ली जाने वाली ट्रेन में यात्रियों से टिकट चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली करने वाले एक फर्जी पुलिसकर्मी को जीआरपी पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने फर्जी पुलिसकर्मी से यात्रियों से वसूली गई नकदी भी बरामद की है। पुलिस अब आरोपित से पूछताछ कर रही है।

हरिद्वार से दिल्ली जाने वाली ट्रेन में उत्तराखंड पुलिस की वर्दी पहनकर यात्रियों से टिकट चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली करने वाले एक फर्जी पुलिसकर्मी को यात्रियों की सूचना पर जीआरपी ने हिरासत में ले लिया। बताया जाता है कि उक्त फर्जी पुलिसकर्मी रुडकी से ट्रेन में सवार हुआ तथा ट्रेन में बैठे यात्रियों से टिकट चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली शुरू कर दी। ट्रेन में मौजूद हिमांशु निवासी आजमगढ से भी



उक्त फर्जी पुलिसकर्मी ने बैग में चोरी करने का आरोप लगाकर बलियाखेड़ी के निकट 1500 रुपये वसूल किए थे। हिमांशु को पुलिसकर्मी की हरकत पर शक हुआ तो उसने डॉयल 112 पर फोन कर दिया, हालांकि ट्रेन के चलने के कारण उसे वहां पुलिस की सहायता नहीं मिल पाई लेकिन जब ट्रेन जलालाबाद पहुंची तो सूचना के चलते जीआरपी थाना प्रभारी चंद्रवीर सिंह भी मौके पर पहुंच गए तथा ट्रेन में मौजूद फर्जी पुलिसकर्मी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर आरोपित ने अपना नाम मौहम्मद जरीफ पुत्र रशीद अहमद निवासी आजाद कालानी, टर्नर सडक देहरादून उत्तराखंड बताया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से यात्रियों से वसूली गयी नकदी भी बरामद की है। वर्दी के संबंध में पूछ जाने पर उसने बताया कि उसने यह वर्दी किसी से मांगी थी, लेकिन वर्दी पर लगी नेमप्लेट व बैल्ट के बारे में वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जीआरपी थाना प्रभारी चंद्रवीर सिंह ने बताया कि आरोपित को जीआरपी सहारनपुर के सुपुर्द किया गया है, आगे की कार्रवाई जीआरपी सहारनपुर करेगी।

## डीसीएम ने तीन युवकों को चपेट में लिया

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कांधला।** जनपद मुजफ्फर नगर के थाना बुढ़ाना के गांव जोला निवासी दीपांशु अपने साथियों मनव्वर और शाकिर के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य हेतु कस्बे में आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार युवक क्षेत्र के गांव भभीसा पहुंचे तो सामने से आ रहे डीसीएम ने बाइक सवार युवकों को अपनी चपेट में ले लिया और मौके से फरार हो गया। डीसीएम की चपेट में आने से बाइक सवार तीनों युवक सड़क किनारे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। बजरंग दल के जिला धमार्चार्य प्रमुख रविचंद और अजय हुड्डा ने सूचना देकर एम्बुलेंस को मौके पर बुलाया और घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना पर घायलों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। घायलों की गंभीर हालत के चलते चिकित्सक ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

# सिलावर रेलवे अंडरपास पर घायल मिला युवक

## परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया, जयपुर जाने के लिए घर से निकला था युवक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली।** सिलावर रेलवे अंडरपास पर घायल अवस्था में पडे मिले एक युवक को रेलवे पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि युवक जयपुर जाने के लिए घर से निकला था।

बुधवार को क्षेत्र के गांव सिलावर के कुछ ग्रामीण अपने खेतों पर जा रहे थे, इसी दौरान उन्हें रेलवे अंडरपास पर एक युवक गंभीर रूप से घायल पडा मिला, ग्रामीणों ने मामले की जानकारी रेलवे विभाग को दी। शामली रेलवे स्टेशन मास्टर की सूचना पर पुलिसकर्मी



मौके पर पहुंचे लेकिन वहां कोई घायल अवस्था में नहीं मिला, रेलवे हाल्ट पर मौजूद लोगों ने बताया कि घायल को उसके परिजन शामली के जिला चिकित्सालय में ले गए हैं जिसके बाद पुलिस अस्पताल पहुंची। वहां मौजूद घायल के भाई शावेज पुत्र मुस्तफा निवासी मौहल्ला शकूर नगर सदाबहार कालोनी गांव माणक मऊ थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर ने घायल का नाम जावेद बताया। उसने बताया कि जावेद सोमवार की शाम टपरी से जयपुर जाने के लिए घर से निकला था। मंगलवार की सुबह किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें जावेद के सिलावर अंडरपास पर ट्रेन से गिरकर घायल होने की जानकारी दी जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे।

# चौसाना में चोरों के हौसले बुलंद, किसानों की ट्यूबवेलों से केबिल चोरी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**चौसाना।** क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बढ़ चुके हैं कि अब वे खेतों की ट्यूबवेलों को भी निशाना बनाने लगे हैं। ताजा मामला मंगलवार रात्रि का है, जब भोगी माजरा निवासी पितम शर्मा और अतर सिंह तथा मंगरोली निवासी कन्हा की ट्यूबवेलों से चोरों ने बिजली की केबिल चोरी कर ली। बुधवार सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि ट्यूबवेलों की केबिलें काटकर ले जाई जा चुकी हैं। केबिल चोरी की यह वारदात देख किसान हैरान रह गए। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। कुछ ही देर में घटनास्थल पर अन्य किसान और ग्रामीण भी एकत्र हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि इन दिनों गेहूं की कटाई का समय चल रहा है, जिसके कारण अधिकतर किसान रात-दिन खेतों में ही मौजूद रहते हैं। इसके बावजूद चोर इतनी बड़ी चोरी



को अंजाम देने में सफल हो गए, जिससे साफ है कि चोरों के हौसले कितने बुलंद हैं। ग्रामीणों ने चिंता जताई कि जब खेतों में किसान मौजूद होते हुए भी चोरी हो रही है, तो फसल कटाई के बाद जब किसान अपने घरों में रहेंगे, तब हालात और खराब हो सकते हैं। किसानों ने बताया कि खेतों की ट्यूबवेलों से केबिल चोरी होने से सिंचाई कार्य बाधित हो गया है, जिससे उन्हें भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। वहीं, पीड़ित किसानों ने चौसाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## जानलेवा हमले के आरोप में पिता-पुत्र गिरफ्तार, जेल रवाना

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे पिता-पुत्र को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

विगत 18 अप्रैल को प्रविन्द्र उर्फ प्रवीण निवासी ग्राम बरनावी ने गांव के ही पिता-पुत्र समेत चार लोगो के खिलाफ गाली-गलौच व जानलेवा हमला करने के आरोप में स्थानीय कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कराया था। एसपी शामली ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को घटना में लिप्त आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजने के निर्देश दिए थे। बुधवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मामले में नामजद इसरार व उसके पुत्र शकील को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

# मस्जिदों में फॉर्मलटी नही, बल्कि जमात से नमाज अदा करें: मौलाना उस्मान

## मोहम्मदपुर राई में वार्षिक जलसे में पंजाब के शाही इमाम का संबोधन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कैराना।** पंजाब के शाही इमाम मौलाना उस्मान लुधियानवी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को किसी धर्म को लेकर बहस नहीं करनी है। हमें समाज में तोड़ने की नहीं, बल्कि जोड़ने की बात करनी है। इसके अलावा समाज में पनप रही कुरीतियों को दूर करने की आवश्यकता है। वह गांव मोहम्मदपुर राई में स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया अशरफिया मसीहुम उलूम में वार्षिक जलसे को संबोधित कर रहे थे। जलसे में बतौर मुख्य अतिथि शाही इमाम और मजलिस अहरार इस्लाम हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुहम्मद उस्मान लुधियानवी ने कहा कि संसार में नबी से खूबसूरत शख्सियत नहीं आई। उन्होंने मदद करने में कभी धर्म की कैद नहीं रखी और नि:स्वार्थ भाव से मदद की। उन्होंने कहा कि शादी—ब्याहों में फिजूलखर्ची हो रही है, लेकिन मस्जिदों के इमामों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उनकी कद्र करनी चाहिए और उचित वेतन देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को क्यों कोसते हैं, पहले अपने आमाल सही करें। जिस




दीन को खतरा बता रहे हो, उसके रक्षक बनो। उन्होंने कहा कि इस्लाम यह शिक्षा नहीं देता कि किसी को गलत कहो। किरदार ऐसा बनाओ कि इस्लाम झलकता हो। इनके अलावा मुफ्ती रफीउज्जमां, मुफ्ती साजिद, मौलाना शुऐब आदि ने भी संबोधन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कारी वलीउल्लाह शेरवानी व संचालन मौलाना फिरोज ने किया। वहीं, उलमाओं द्वारा तीन हाफिजों उवैस, नौमान व उमैर की दस्तारबंदी की गई। शाही इमाम की विशेष दुआ पर जलसा संपन्न हुआ। मदरसे के मोहतमिम मौलाना सादिक मिफ्ताही ने आगंतुकों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर हाफिज सालिम, मेहरबान अली कैरानवी, मौलाना सलीम, हाजी अनीस, हारून, कारी आदिल, दानिश, जमील, रूमल हुसैन, हाफिज यामीन आदि मौजूद रहे।

**गांव में शाही इमाम का भव्य स्वागत**

पंजाब के शाही इमाम मौलाना उस्मान लुधियानवी के पहुंचते ही लोग उनके काफिले में शामिल हो गए। गांव में जगह—जगह हाजी सद्दाम हुसैन, डॉ. मारूफ, अब्दुल खालिक, दानिश पंवार, मौलाना हाशिम, मुफ्ती राशिद, मुफ्ती साजिद, मौलाना अहसान, हाफिज अमीर हसन, मो. साबिर, सरवर, जावेद आदि ने भव्य स्वागत किया।

## संक्षेप समाचार :

### विकास व सेवाभाव ही मेरा संकल्प : हाजी गय्यूर

कैराना। सर्वधर्म का सम्मान, दबे कुचले,निहत्थे व असहय लोगों की सेवा करना ही मेरा संकल्प है। अपने कर्तव्यों का दृढ़ता के साथ निर्वहन करने के लिए में कटिबद्ध हूँ। उक्त उदगार प्रमुख समाजसेवी हाजी गय्यूर ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आज समाज के युवाओं को गलत दिशा की ओर धकेला जा रहा है,जिससे उनका भविष्य अंधकार में जा रहा है। प्रमुख समाज सेवी हाजी गय्यूर ने कहा है कि कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ की खातिर युवाओं के भविष्य को दांव पर लगा दिया और वह अपनी राहों से भटक कर आज नशे की दल दल में पड़कर अपने जीवन को बर्बाद कर रहे हैं। आज नशे के विरुद्ध एक बड़ा अभियान चलाने की आवश्यकता है,जिससे युवा पीढी का भविष्य सुधार सके। हाजी गय्यूर ने आगे कहा कि राजनीतिक लाभ लेने के लिए युवाओं को सही दिशा से भटकाने वाले स्वार्थी लोग समाज के दुश्मन हैं। बता दें कि जिला पंचायत के वार्ड 10 से हाजी गय्यूर ने मजबूत दावेदारी पेश कर दी है,जिससे दूसरे प्रत्याशी सोचने पर मजबूर हो गए हैं, क्योंकि हाजी गय्यूर एक प्रमुख समाजसेवी होने के



साथ– साथ असहाय व निर्धन बेसहारा लोगों की मजबूत आवाज हैं, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से गरीब लोगों को सहारा दिया है। उनका साफ तौर पर कहना है कि बुनियादी समस्याओं पर फोकस करके ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही शिक्षा की अलख जगाकर समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। युवा शिक्षित होगा तो आने वाला कल भी बेहतर होगा। हाजी गय्यूर द्वारा जिला पंचायत चुनाव में ताल ठोकने के बाद उनके आवास पर लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है,जो उनके व्यक्तित्व को पहचानने के लिए काफी है।

# रंजिश के चलते दलित युवक के साथ की मारपीट

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कांधला।** रंजिश के चलते दलित युवक के साथ कई लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के संबंध में घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी शेखर कुमार पुत्र विनोद ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीती 27 अप्रैल की शाम पीड़ित का बड़ा भाई विक्रान्त दुकान से बाईक पर घर जा रहा था । रास्ते में पीड़ित को गुरमीत पुत्र चौन सिंह मिला और पीड़ित के भाई ने उसे बाईक पर बैठा लिया। रास्ते मे भूसा पडा होने के कारण पीडित के भाई ने गुरमीत को कहा कि बाईक आगे नही जायेगी तुम यहां से पैदल चले जाओ । आरोप है कि गुरमीत ने इसी बात से नाराज होकर भाई की बाईक की चाबी निकाल कर फेंक दी और जाति सूचक गाली देकर बाद में हत्या की धमकी दी है। बीते सोमवार पीडित शेखर अपनी बाईक से कांधला गया था। वहां से आते वक्त छोटी नहर पर गांव के कुछ लड़को ने योजना बनाकर लाठी डंडो व धारदार हथियारों के साथ पीड़ित दलित युवक की लाठी डण्डो से पिटाई की थी, जिसमें पीड़ित युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। आरोपी हमलावर घटना को अंजाम देने के बाद हत्या की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और घटना की जानकारी परिजनों को दी। वहीं घटना के संबंध में पीड़ित घायल युवक ने मारपीट करने के मामले में राहुल पुत्र चौन, प्रियाश पुत्र बिट्टू निवासी गांव खेडा कुरतान व तीन अन्य अज्ञात लोगों के तहरीर देकर पुलिस से घटना के संबंध में कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार का कहना है कि पीड़ित के तहरीर अभियोग पंजीकृत कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# ग्राम प्रधानों से गौशालाओं में भूसा दान देने की अपील

- अधिक भूसा दान करने वाली ग्राम पचायत, समाजसेवी संस्थाएं होंगी सम्मानित : डीएम

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली।** डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने ग्राम प्रधानों से जंनपद में संचालित गौशालाओं में भूसा दान किए जाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस समय चल रही गेहूं की कटाई के दौरान अधिक से अधिक किसान निराश्रित व बेसहारा गौवंशों के लिए भूसा दान करें, इसके अलावा गौवंशों को लू व धूप से बचाव के लिए तिरपाल आदि का भी दान किया जा सकता है।

डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने ग्राम प्रधानों को भेजे पत्र में अपील करते हुए कहा कि जनपद के सभी



ग्राम प्रधान, चेयरमैन नगर पालिका, नगर पंचायत, उन्नतशील किसान, पशुपालक, समाजसेवी संस्थाएं, पशु प्रेमी व सभी जनपदवासियों के सहयोग से जनपद में 27 स्थायी, अस्थायी गौवंश आश्रय स्थल व गौवंशों के भरण पोषण का काम सुचारू रूप से चल रहे हैं। गौआश्रय स्थलों पर संरक्षित निराश्रित व बेसहारा गौवंशों के भरण पोषण के लिए चारा व भूसा दान करना एक पुण्य का भी काम है। इस समय गेहूं कटाई का कार्य चल रहा है इसलिए सभी अपनी सामर्थ्य के अनुसार कम से कम दस कुंतल भूसा स्थायी, अस्थायी गौवंश आश्रय स्थलों में दान करें। डीएम ने कहा कि गौवंशों को तेज धूप व लू से बचाव के लिए तिरपाल आदि सामग्री का भी दान किया जा सकता है ताकि गौवंशों का भीषण गर्मी व लू से बचाव किया जा सके, इसके लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. चंद्रभानु कश्यप से भी संपर्क किया जा सकता है। डीएम ने आशा जतायी कि सभी ग्राम प्रधान इसमें अपना पूर्ण सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि जो ग्राम पंचायत, समाजसेवी संस्थाएं पशु प्रेमी अधिक से अधिक भूसा संरक्षण कराने में सहयोग करेगा, उसे सम्मानित किया जाएगा।

# काबडौत पुल पर अनियंत्रित होकर खाई में गिरी बाइक



**शामली।** मेरठ-करनाल हाइवे पर बाइक के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से दंपत्ति व उनका दो साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि घायलों को उनके परिजन उपचार के लिए अपने साथ ले गए। बुधवार को गांव टिटौली निवासी दीपक अपनी पत्नी बबीता व दो साल के बच्चे के साथ बाइक पर सवार होकर गांव से मेरठ शादी समारोह में जा रहा था। जब वे मेरठ-करनाल मार्ग स्थित काबडौत पुल पर पहुंचे, तभी अचानक बाइक का संतुलन बिगड गया और बाइक पुल से नीचे गहरी खाई में जा गिरी जिससे दंपत्ति व उनका बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने किसी तरह घायलों को खाई से बाहर निकाला तथा उनके परिजनों को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे तथा घायलों का उपचार कराने के लिए वहां से लेकर चले गए।

# साधना स्थल भूमि पर जल्द होगा 6 मंदिरों का निर्माण

## श्री हरिकृपा ट्रस्ट व अभा अग्रवाल सम्मेलन द्वारा विधि विधान से किया गया शिलान्यास, भंडारे का भी आयोजन





**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली।** श्री हरिकृपा ट्रस्ट एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा गौशाला रोड स्थित साधना स्थल भूमि पर 6 मंदिरों के शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधि विधान से शिलान्यास की ईंटे रखी गयी। कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

मंगलवार को शहर के गौशाला रोड स्थित साधना स्थल भूमि पर श्री हरिकृपा ट्रस्ट एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा 6 मंदिरों का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल, मीनू संगल, नरोत्तम गर्ग, मीनाक्षी मित्तल, विवेक जैन, सचिन गोयल, प्रदीप बंसल, मुक्तेश्वर शर्मा, बलराज स्वरूप, अनिल संगल, नरेन्द्र गोयल, घनश्यामदास तायल, अनिल बंसल, आशीष संगल ने पूजा अर्चना में भाग लिया। पूजा अर्चना पं. चंचल शर्मा ने संपन्न करायी। इसके बाद अरविन्द द्दष्टा महाराज, अरविन्द संगल, मंदिर हनुमान टीला के प्रधान सलिल द्विवेदी ने शिलान्यास की ईंट रखी। अरविन्द द्दष्टा महाराज ने कहा कि साधना स्थल पर माता कात्यायनी, माता लक्ष्मी, पदमनाथम, रामलला, सिद्धि विनायक, मां अन्नपूर्णा का मंदिर बनाया जाएगा। मां कात्यायनी देवी विवाह में सहायक, है उनकी पूजा अर्चना करने से जल्द विवाह होते हैं। मां लक्ष्मी धन वैभव की वर्षा करती है, रामलला सब पर अपनी कृपा बरसाते हैं। माता अन्नपूर्णा सबके भंडार भरती है, सिद्धि विनायक सबका कष्ट दूर करने वाले हैं। मंदिरों का निर्माण पवन संगल ठेकेदार की देखरेख में होगा। कार्यक्रम के बाद साधना स्थल पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर स्वामी ओमानंद हरिद्वार, महिपाल शर्मा रुडकी, पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवचरण संगल, विपिन नेताजी, जिलाध्यक्ष संजय संगल, सुधीर कुमार सिंघल, डा. राजीव बंसल, संजय बंसल, रवि संगल, हरि कृपा ट्रस्ट से मुकेश गर्ग एडवोकेट, शिवकुमार मित्तल, शिवकुमार पतंजलि, मनोज मित्तल, सुनील गर्ग आदि भी मौजूद रहे।

## अवैध असलहा व कारतूस बरामद, आरोपी धरा

कैराना। एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कस्बे के किलागेट चौकी प्रभारी एसआई आंनद कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम ने नगर के पानीपत बाईपास के निकट से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता सद्दाम निवासी मोहल्ला इकरामपुरा कस्बा कैराना बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है।


**आवश्यकता है**

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें

**आदिल राणा**

जिला प्रभारी शामली

91-9082190000,

91-9997173786


# जिजौला-अमलापुर संपर्क मार्ग की हालत बदत्तर, ग्रामीण परेशान, सडको पर कीचड बना मुसीबत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**चौसाना।** जिजौला गांव को अमलापुर से जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग इन दिनों बदहाली का शिकार है। कीचड़, गंदगी और नालियों का बहता पानी इस मार्ग को दलदल में तब्दील कर चुका है। ग्रामीणों के लिए इस रास्ते से गुजरना न केवल कठिन, बल्कि बेहद जोखिम भरा भी हो गया है। जिजौंलावासियों का कहना है कि आधे गांव की नालियों का गंदा पानी और गोबर बिना किसी निकासी व्यवस्था के सीधे इस संपर्क मार्ग पर बहता है। जिस कारण रास्ते पर कीचड व दलदल बनी हुई है। जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने कई बार पंचायत विभाग के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नही हो सका। अमलापुर सम्पर्क मार्ग की बदत्तर हालत गांव के भीतर फैली अव्यवस्थित नालियों और अधूरी निर्माण योजना का नतीजा है। सड़क निर्माण के समय नालियों की निकासी के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं किया गया, जिसके कारण गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है। बरसात के दिनों में



हालात और भी बिगड़ जाते हैं। अमलापुर जाने वाले लोगों को अक्सर घुटनों तक कीचड़ पार करना पड़ता है। हालात इतने खराब है कि गांव मे बीमारी की समस्या पैदा हो सकती है। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत की जाए और साथ ही नालियों की निकासी व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जाए। समस्याओं को लेकर जिजौला के इद्रीश,जुल्फुक्कार, मौहम्मद हसन,अब्दुल गफ्फारा, इसरार, जिलेदार आदि ने मिलकर विरोध जताया।

**इन्होंने कहा...**अमलापुर सम्पर्क मार्ग के आसपास सडक निर्माण के समय नालियां बनाते समय पानी निकासी का जेई द्वारा उचित आंकलन नही किया गया। जिसके कारण लोगो के घरो से निकलना वाला पानी सडक पर एकत्र हो जाता है। जल्द ही नाला निर्माण कराकर गंदे पानी को तालाब मे गिराया जायेगा।

**राजीव कुमार,** ग्राम सचिव जिजौला

**आदिल राणा,** ग्राम प्रधान जिजौंला ग्रामीणों द्वारा सम्पर्क मार्ग की शिकायतें मिली है। कार्ययोजना मे पानी निकासी की समस्या को शामिल किया गया है। जल्द ही समाधान हो जायेगा।

## आईसीएसई- 2025 के मैट्रिक बोर्ड के परिणाम में जमशेदपुर

# की बेटी बनी कंट्री टॉपर, पाकुड़ से भी रचा इतिहास

**एनपीटी ब्यूरो**

झारखण्ड के जमशेदपुर की बेटी और लोयला स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा शंभवी जायसवाल ने आईसीएसई- 2025 के मैट्रिक बोर्ड के परिणाम में 100 प्रतिशत अंक हासिल कर राज्य ही नहीं, बल्कि पूरे देश में गौरवान्वित किया है। शंभवी जायसवाल सेल्फ स्टडी के बल पर आईसीएसई में कंट्री टॉपर बनी है। शंभवी के पिता डॉ अभिषेक जायसवाल जमशेदपुर के मेहर बाई टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल में रेडियोलॉजिस्ट है। जबकि, शंभवी की मां डॉक्टर ओजस्वी शंकर जमशेदपुर के मणिपाल हॉस्पिटल कॉलेज में सीनियर गायनोलॉजिस्ट है। वही काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन के द्वारा बुधवार, 30 अप्रैल, 2025 को जारी आईसीएसई रिजल्ट 2025 की परिणाम परीक्षा में शामिल हुए छात्र ूरी.ङ्क्ष् पर जाकर रिजल्ट डाउनलोड कर सकते हैं। वही आईसीएसई- 2025 में पाकुड़ स्थित सेंट जोसेफ स्कूल के सुभाश्री ने 96.2% अंक हासिल की, जबकि तरुसी गुप्ता ने 96.8% अंक प्राप्त कर जिला पाकुड़ का नाम रोशन किया। साथ ही आयेशा अग्रवाल ने 91.8 प्रतिशत, नायक अग्रवाल 90.4 प्रतिशत, नुजहात परवीन 90%, अदिति कुमारी 89.8 प्रतिशत, डोली कुमारी 89.4%, अरंजय दास 89.4% , निधि हेम्ब्रम 89%, कृषंग चौधरी 88.6%, ईशा कुमारी यादव 88.4% अंक हासिल कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय के साथ जिला पाकुड़ का भी नाम रोशन किया है।

# निजी अस्पताल मरीजों के इलाज में नहीं बरतें लापरवाही- डॉ इरफान अंसारी

**एनपीटी ब्यूरो**

झारखण्ड के राजधानी रांची के एक स्थानीय होटल में मंगलवार को आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना और अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें झारखण्ड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। वही स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए बेहतरीन डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने रिम्स की व्यवस्था सुधारने के प्रयासों और इलाज में एआई तकनीक को शामिल करने की बात भी कही। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने निजी अस्पतालों को चेताया कि वे मरीजों के इलाज में लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि कुछ निजी अस्पताल योजना के तहत पैसा खत्म होते ही गंभीर मरीजों को रेफर कर देते हैं, जिससे कई बार उनकी मौत हो जाती है। डॉ. अंसारी ने अस्पतालों को मरीजों के इलाज की पूर्ण जिम्मेदारी लेने की बात कही और भरोसा दिलाया कि स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के लिए वे हमेशा मदद के लिए उपलब्ध हैं। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने जानकारी दी कि राज्य में 31,000 बेड हैं, जबकि जरूरत 1,13,000 बेड की है। उन्होंने कहा कि राज्य में मातृ मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर में कमी आई है, जिससे अब दूसरे राज्य के लोग भी इलाज के लिए झारखंड आ रहे हैं। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने और किसी भी समस्या के लिए विभाग से संपर्क करने की अपील की। झारखण्ड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक अबु इमरान ने निजी अस्पतालों से राज्य की गाइडलाइन का सौ प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने छोटे अस्पतालों में प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी की बात कही और गाइडलाइन को समझने योग्य स्टाफ की नियुक्ति पर बल दिया। कार्यशाला में अस्पतालों की क्षमता, शिकायत निवारण प्रणाली सहित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें सभी जिलों के सिविल सर्जन और छोटे अस्पतालों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# कांग्रेस के पाकुड़िया इकाई ने की बैठक, पर्यवेक्षक ने दिया निर्देश

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ जिले के पाकुड़िया प्रखण्ड कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को कांग्रेस जिला महासचिव सह- प्रखण्ड पर्यवेक्षक अर्धेंदु शेखर गांगुली ने प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के साथ बैठक की।

जिसमें खासतौर पर आगामी 6 मई को झारखंड कांग्रेस द्वारा रांची में आयोजित संविधान बचाओ कार्यक्रम पर चर्चा एवं प्रखंड कमेटी का चुनाव किया गया।साथ ही संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा करते हुए जरुरी दिशा निर्देश दिया।जिला महासचिव श्री गांगुली ने कार्यकताओं से कहा कि प्रदेश स्तर से लेकर विधानसभा और जिला स्तर पर भी संविधान बचाओ रैली करना है।जिसमें अधिक से अधिक संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं को शामिल होना है।प्रखंड अध्यक्ष इस्लाम मियां ने कहा कि इस बैठक में रैली को सफल बनाने पर विशेष रूप से जोर दिया गया। साथ ही प्रखंड कांग्रेस कमेटी में ओबीसी, एसटी, एससी सहित अन्य से महासचिव एवं उपाध्यक्ष का चुनाव वे संपन्न किया गया है उन्होंने कहा कि रैली के दौरान ही कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे और लोगों को संविधान के बारे में बतायेंगे।

देश के लिए देश की जनता के लिए संविधान क्यों जरूरी है, इसके बारे में जानकारी देंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष इस्लाम मियां,उपाध्यक्ष नकुल राय, स्टीफन मरांडी, मुस्तकीम अंसारी, मैनुद्दीन अंसारी, कमाल अंसारी, अली अहमद सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खनन टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने की छापेमारी, 11 क्रशर किया सील, पत्थर व्यवसायी में मचा हड़कंप

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), खनन टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने कहां पर मेरी के दौरान 11 के अनुसार यूनिट को सील कर दिया है जिस पत्थर व्यवसाय में हर काम मच गया है। दरअसल बीते बुधवार को दोपहर बाद अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, दुमका के संयुक्त जांच दल के नेतृत्व में पाकुड़ अंचल अन्तर्गत विभिन्न मौजा में स्थापित क्रशर यूनिट का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान पायी गयी अनियमितताओं के आलोक में 11 क्रशर यूनिट को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक सील कर दिया गया। वही खनन टास्क फोर्स की संयुक्त टीम के द्वारा एच अली स्टोन वर्क्स, मोरसलिम शेख, अकबर स्टोन वर्क्स, मेसर्स कयसुधीन शेख, मेसर्स टू स्टार स्टोन वर्क्स, यार मोहम्मद, मेसर्स निपुल शेख, मेसर्स नूर स्टोन वर्क्स, मेसर्स न्यू सूर्या स्टोन वर्क्स एवं मेसर्स अजहर इस्लाम के क्रशर को अगले आदेश तक सील कर दिया गया है। साथ ही बिजली का कनेक्शन भी काट दिया गया है।

## थाना में दर्ज अलग-अलग कांड के प्राथमिकी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ जिले के पाकुड़ मुफस्सिल थाना में दर्ज अलग-अलग कांड के प्राथमिकी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मंडल कारा पाकुड़ भेज दिया गया। थाना प्रभारी संजीव कुमार झा के द्वारा जानकारी साझा की गयी के मुताबिक 1. पाकुड़ (मु०) थाना काण्ड संख्या 23/2025, धारा-316(2)/318(4)/126(2)/115(2)/118(1)/117(2)/109(1)/74/352/351(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता के प्रा०अभि० 1. कौसारूल हक, 2. सदीकुल आलम, 3. साबीरूल शेख, तीनों पे० सनाहुल हक, सभी ग्राम ईलामी, थाना पाकुड़ (मु०), जिला पाकुड़ को गिरफ्तार किया गया है। यह काण्ड वादी अली अहमद, पिता मोस्ता शेख, सां० ईलामी, थाना पाकुड़ (मु०) के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी के 06 नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध दर्ज किया गया है। काण्ड के अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध छापेमारी की जा रही है। वही 2. पाकुड़ (मु०) थाना काण्ड संख्या 244/2024, धारा-126(2)/115/118(1)/109/352/3(5) भारतीय न्याय संहिता के प्रा०अभि० 1. बानी इसराईल (पिता तौफीजुल शेख), 2. नूर आलम (पिता केतामुद्दीन शेख) दोनों ग्राम सितेशनगर, थाना पाकुड़ (मु०), जिला पाकुड़ को गिरफ्तार किया गया है। यह काण्ड वादी उसमान अली (पिता आईनुल हक, ग्राम हरिगंज, थाना पाकुड़ मुफस्सिल ) के आवेदन के आधार पर कोर्ट से गवाही देकर लौटते समय वादी पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में दर्ज किया गया है। वही 3. पाकुड़ (मु०) थाना काण्ड संख्या 107/2025, धारा-316(2)/316(5)/318(4)/3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 07 आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के प्राथमिकी हैदर अली (पिता इस्माइल शेख, ग्राम खजुरतल्ला, थाना शमसेरगंज, जिला मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल) को गिरफ्तार किया गया है। यह काण्ड प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, पाकुड़ के प्रतिवेदन के आधार पर सरकारी चावल को कालाबाजारी कर बेचने की नीयत से बंगाल ले जाते हुए रंगेहाथ पकड़े जाने के आरोप में दर्ज किया गया है। इस काण्ड में एक टोटो में 06 बोरा में लोड करीब 04 क्विंटल चावल बरामद हुआ है, जिसे विधिवत जप्त किया गया है। काण्ड के दूसरे प्राथमिकी अभियुक्त डीलर मनीरूल हक की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। साथ ही 4. पाकुड़ मुफस्सिल थाना काण्ड संख्या 87/2025, धारा 498ए/494/341/323/313/ 504/ 506/34 भा0द0वि0, 3/4 दहेज प्रथा प्रतिषेध अधिनियम एवं 3/4 मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम-2019 के प्राथमिकी अभियुक्त 1. हाजिकुल शेख (पिता अब्दुल शेख) 2. जहांनारा बीवी (पति अब्दुल शेख), 3. अब्दुल शेख (पिता अब्दुल बारीक शेख), 4. समशेदा बीवी (पति हाजिकुल शेख) एवं 5. साफिकुल शेख, पिता) नजमुद्दीन शेख, सां० चन्द्रापाड़ा, थाना पाकुड़ (मु0), जिला पाकुड़ को गिरफ्तार किया गया है।

## शिक्षा विभाग के दो कर्मी हुए सेवानिवृत्त

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), शिक्षा विभाग से सुभाष चंद्र, अनुदेशक, पाकुड़ राज प्लस टू विद्यालय पाकुड़ एवं बाबूराम मुर्मू, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महेशपुर से सेवानिवृत हुए। सेवानिवृत्ति के उपलक्ष पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती ने साल उढ़ाकर सेवानिवृत्त हुए शिक्षा विभाग के कर्मी को सम्मानित किया। साथ ही सेवानिवृत्त हुए अनुदेशक को सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान हेतु स्वीकृतयादेश सेवानिवृत्ति की तिथि को ही दिया गया। मौके पर वरीय लिपिक पंकज कुमार नीलम, तौकीर आलम, आशा मुर्मू ,अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पीयूष कुमार उपस्थित थे।

## तीन सेविका तथा एक सहायिका के सेवानिवृत्त पर आयोजित की विदाई समारोह

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ जिले के घाघरजानी स्थित हिरणपुर प्रखण्ड सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक हुई। जिसमें तीन सेविका तथा एक सहायिका का सेवानिवृत्त विदाई प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह-सीडीपीओ टुडू दीलिप के द्वारा बुके तथा शॉल भेंट कर की गई। सेवानिवृत्त सेविका में सालोमी हेम्ब्रम, पोखरिया, बलमदिना हेम्ब्रम, बड़ा बलरामपुर, सरला मराण्डी, गम्हरिया एवं एक सहायिका कौशल्या देवी, सीतपहाड़ी ने अपने कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए बतायी की 1992 में योगदान के समय 225 रूपए प्रतिमाह मानदेय मिलता था। 1987 से ये कार्य प्रारम्भ किया। जिसमें 5 वर्ष अवैतनिक कार्य किया। महिला पर्यवेक्षिका टुसू मुनी मुर्मू एवं बबली शर्मा ने बारी-बारी से इनके सेवानिवृत्त पर इनसे जुड़े बातों को सभी के समक्ष रखे। बीडीओ सह- सीडीपीओ टुडू दीलिप ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य एवं सेवा में बहुमूल्य समय एवं कार्यालय में इनके योगदान के लिए शुभकामनाएं दी।

## आयुष जांच कैंप में 193 लोगों का किया गया स्वास्थ्य जांच

पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत गोरपाड़ा आंगनबाड़ी केन्द्र, पाकुड़ प्रखण्ड के चंद्रपाड़ा, लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड के रोडगों, पाकुड़िया प्रखण्ड के चौकीसाल एवं फूलझिंझारी में आयुष विभाग की ओर से बुधवार को आयुष कैंप लगाकर लगभग 193 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ० मिथलेश सिंह, डॉ०अमरेश कुमार, डॉ अबूतालिब शेख, डॉ प्रेम प्रकाश, डॉ वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा एवं डॉ० सौरभ विश्वास ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई। हेल्थ कैंप के साथ साथ पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत लोगों को पौष्टिक भोजन /संतुलित आहार /व्यायाम/ के बारे में भी बताया गया।

# विद्यार्थियों को बाल- विवाह जैसी कुरितियों पर की गई जागरुक

**एनपीटी ब्यूरो**

बीते बुधवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई, पाकुड़ एवं शिक्षा विभाग पाकुड़ के संयुक्त तत्वाधान में जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्ड स्तर पर संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सहित सभी हाई स्कूलों में अध्ययनरत किशोर/ किशोरियों के बीच बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारियों के द्वारा बाल विवाह से संबंधित अधिनियम, बाल विवाह के कारण, इससे होने वाले दुष्परिणाम, सजा के प्रावधान एवं जिला स्तर पर बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी एवं उनके द्वारा किए जाने वाले कार्रवाई के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सभी किशोर /किशोरियों को इस बात की जानकारी दी गई कि उनके परिवार, रिश्तेदार,समाज, मित्र के होने वाले बाल विवाह या अन्य स्थान पर यदि बाल विवाह के आयोजन होने की जानकारी प्राप्त होने पर इसकी सूचना बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी सहित स्थानीय पुलिस थाना एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के टॉल फ्री नंबर 1098 को अवश्य उपलब्ध कराएं ताकि बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीति को रोका जा सके और बाल विवाह मुक्त जिला बनाने में सफलता प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के दौरान पूरे जिले के विभिन्न स्कूलों के कुल 2510 किशोर/ किशोरियों, संबंधित स्कूलों के शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। साथ ही गैर सरकारी संगठन- एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के द्वारा पाकुड़ सदर सहित अन्य प्रखंडों के विभिन्न मंदिरों, धार्मिक स्थलों, वैवाहिक भवन में जाकर उनके मुख्य पुजारी एवं मुख्य प्रबंधक से मिलकर होने वाले संभावित बाल विवाह के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई एवं इसके रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए विशेष रूप से आग्रह किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला शिक्षा विभाग,पिरामल फाउंडेशन,पाकुड़ के प्रतिनिधि, बचपन बचाओ आंदोलन के जिला प्रोग्राम एसोसिएट, चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रतिनिधि,बाल संरक्षण मुद्दे पर कार्य कर रहे गैर सरकारी संगठन- एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन,जनलोक कल्याण परिषद, पाकुड़, झारखंड विकास परिषद, आमरापाड़ा, टैगोर सोसाइटी फॉर रूरल डेवलपमेंट, महेशपुर के प्रतिनिधि द्वारा सक्रिय रूप से योगदान दिया गया।

## अखिलेश यादव का पुतला, भाजपा विचारधारा ने विरोध प्रदर्शन किया



**नेशनल प्रेस टाइम्स , ब्यूरो।**

मोदीनगर। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर स्थित तहसील कार्यालय के सामने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की फजीहत हुई। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद जाटव और पूर्व जिला अध्यक्ष डिनेश जाटव के नेतृत्व में सैकड़ों समाजवादियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

भाजपा विचारधारा का कहना था कि समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव बाम जी के साथ अपना आधा चेहरा दिखा कर अपने समकक्ष बनने का प्रयास कर रहे हैं।

# मोदीनगर में एक राष्ट्र-एक चुनाव पर संवाद कार्यक्रम आयोजित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो**

मोदीनगर, गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के सभागार में ₹एक राष्ट्र-एक चुनाव₹ विषय पर एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को देश की चुनाव प्रणाली में प्रस्तावित बदलावों से अवगत कराना और जागरूकता को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा पश्चिम क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखविंदर सोम भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद थे। दोनों नेताओं ने युवाओं को संबोधित करते हुए लोकतांत्रिक सुधारों और ₹एक राष्ट्र-एक चुनाव₹ की अवधारणा की आवश्यकता पर चर्चा की।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा, ह्लभारत जैसे विशाल लोकतंत्र में हर कुछ महीनों में चुनाव होना प्रशासनिक व्यवस्था पर बोझ डालता है और विकास कार्यों को बाधित करता है। ह्यएक राष्ट्र-एक चुनावह्व प्रणाली से संसाधनों की बचत होगी, साथ ही सुरक्षाबलों पर दबाव भी काम होगा। जिससे आमजन की भागीदारी मतदान में बढ़ेगी एवं देश का लोकतंत्र भी मजबूत होगा प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी और शासन में स्थायित्व आएगा।ह्व उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस विषय पर गंभीरता से विचार करें और संवाद में भाग लें।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर सोम ने कहा कि एक साथ चुनाव से लोकतंत्र की गुणवत्ता में सुधार आएगा और चुनाव प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी हो सकेगी। उन्होंने बताया कि भाजपा की ओर से इस विषय पर देशभर में जनसंवाद और युवा संवाद कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस विचार से जुड़ सकें। एक राष्ट्र एक चुनाव से होने वाली बचत से देश में विकास के एक नए अध्याय लिखे जा सकते हैं

आयोजन में विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि देश में हर वर्ष कोई ना कोई चुनाव होता है जिसमे लगने वाली आचार संहिता के कारण विकास कार्य बाधित होते है और आमजन को समस्या का सामना करना पड़ता है

पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल ने जानकारी दी कि मोदी सरकार पूरे राष्ट्र में एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम करके भारतीय नागरिकों को जागरूक करने का कार्य कर रही है इसी के अंतर्गत आज युवाओं से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है कार्यक्रम के दौरान डॉ अरुण त्यागी ने भी अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर चेयरमैन मोदीनगर विनोद वैशाली व ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह ने भी एक देश एक चुनाव के महत्वपूर्ण विषय अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन ललित त्यागी सभासद ने किया। इस मौके पर डॉ संगीता शर्मा प्रधानाचार्य, छात्रा जानवी, नैना अग्रवाल, शुभांगी पाठक, माही त्यागी, शुभम यादव, जयमाला, द्विजेश शर्मा, दीपांशी, श्रेया, नवेंद्र गौड, जितेंद्र चित्तौड़ा, देवेंद्र चौधरी, देवेंद्र डायमंड, विजय बाल्मीकि, आकाश शर्मा, अनिला सिंह आर्या, नवीन जायसवाल, सचिन त्यागी, रोहित तोमर, विशेष त्यागी, जीत सिंह, आदि मौजूद रहे।.

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो**

मोदीनगर। नगर पंचायत निवाड़ी में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया भगवान परशुराम, जिन्हें विष्णु के छठे अवतार के रूप में जाना जाता है, तथा उन्हें भारतीय संस्कृति में शस्त्र और शास्त्र दोनों के प्रतीक के रूप में पूजनीय माना जाता है। पूजा-अर्चना और हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। भक्तों ने बड़ी श्रद्धा के साथ भगवान परशुराम की प्रतिमा का अभिषेक किया और भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ।

शोभा यात्रा नगर के हनुमान चौक से प्रारंभ हुई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा में, बैंड-बाजे और झांकियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर संतों ने भगवान परशुराम के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डाला। बीजेपी किसान मोर्चा के जिला मंत्री संजय त्यागी ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और धर्म की रक्षा के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे परशुराम के आदर्शों को अपनाएं और समाज में न्याय व सद्भाव बनाए रखें। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी ने कहा भगवान परशुराम का जीवन तप, त्याग, और धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष का प्रतीक रहा है। उन्होंने अत्याचारी के विरुद्ध शस्त्र उठाया और समाज में न्याय की स्थापना की।प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए गए थे। इस अवसर पर भाकियू किसान सभा के सतेंद्र त्यागी और भाजपा नेता अंकित त्यागी ने भगवान परशुराम के आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और सार्थक कदम :: डॉ.लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**एनपीटी ब्यूरो**

गाजियाबाद। गाजियाबाद के जीजीआईसी विजयनगर में महिला सशक्तिकरण से सम्बंधित एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य बतौर अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ.लक्ष्मीकांत वाजपेयी की अध्यक्षता व सीडीओ अभिनव गोपाल संजीव शर्मा विधायक यूनिसेड संस्था के अध्यक्ष अवनीश त्रिपाठी की उपस्थित में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जीजीआईसी की छात्राओं ने विभिन्न मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ.लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने अपने सम्बोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण और बालिका कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने लाल किले की प्राचीर से जब ₹नारी शक्ति₹ के सशक्तिकरण का आह्वान किया था, तभी से यह विषय राष्ट्रीय विकास के केंद्र में आ गया है। उनके इसी विचार को आत्मसात करते हुए, और प्रधानमंत्री जी को अपना आदर्श मानते हुए, राज्यसभा सदस्य बनने के पश्चात में मेरे द्वारा उत्तर प्रदेश में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिला



सशक्तिकरण की दिशा में ठोस प्रयास किए गए। पहले भी ओएनजीसी के सहयोग से प्रदेश के दो जिले हापुड़ व मेरठ में 15,000 कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित कर कुपोषण के खिलाफ व्यापक कार्य किया गया। इस प्रयास को एक नई दिशा देते हुए, ईआईएल के सहयोग से उत्तर प्रदेश के चार जिलों-मेरठ में 55 मशीनें, गाज़ियाबाद में 7 मशीनें, कानपुर देहात में 6 मशीनें और उन्नाव में 7 मशीनें की स्थापना करते हुए शासकीय विद्यालयों में 75 सैनिटरी पैड वेडिंग मशीनों का स्थापना कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके साथ ही, प्रत्येक मशीन के लिए 6 महीने के रिफिल पैड्स भी प्रदान किए जा रहे हैं। हमारे विशेष संवाददाता नरेश चंद्र के सवालों के उपरांत बताया कि यह पहल न केवल किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने में सहायक होगी, बल्कि उनमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न करेगी। आगे उन्होंने बताया कि मैं किसी प्राइवेट संस्था को किसी भी काम के लिए आगे नहीं किया है सभी काम सरकार के सहयोग से किया जा रहा है मैंने अपनी निधि का उपयोग समाज के हर वर्ग में किया है जिससे सभी को इसका लाभ मिल सके मेरी एक और योजना है लाइब्रेरी बनाने की जिसे 24 घंटे चलाया जाए और उन गरीब सबके लोगों को पढ़ाई का भी मौका मिल सके जो दिन भर मेहनत मजदूरी करते हैं उनको पढ़ने का मौका नहीं मिलता। इसके साथ उन्होंने बताया कि यह मशीन 6 माह के उपरांत इन मशीनों का नियमित रिफिल का कार्य उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा योजनाओं के अंतर्गत किया जाएगा इस पहल को सफल बनाने में सहयोग हेतु आप सभी का हार्दिक धन्यवाद व आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही में सभी सम्मानित मीडिया प्रतिनिधियों का भी विशेष आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने इस प्रयास की जानकारी जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह यात्रा यहीं नहीं रुकेगी। विकसित भारत के निर्माण की दिशा में यह एक और कदम है, और यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ती रहेगी और मोदी जी के विकसित भारत के सपना को साकार करने में सहयोग प्रदान करेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से ईआईएल की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वर्तिका शुक्ला (वर्चुअल माध्यम ), सीएसआर प्रमुख विवेक अवस्थी (वर्चुअल माध्यम ), अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी, कार्यक्रम संयोजक अनमोल खन्ना, बीएसए ओपी यादव, एडीआईओएस, जीजीआईसी प्रधानाचार्या विभा चौहान सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में पहली राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**एनपीटी ब्यूरो**



गाजियाबाद। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में पहली राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन ,माननीय न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजेश टंडन द्वारा किया गया उद्घाटन। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाज़ियाबाद ने विधि शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करते हुए अपनी प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विधि छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और उनके तर्क, विश्लेषण तथा न्यायालयीन शिष्टाचार को विकसित करना है।

इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजेश टंडन, पूर्व न्यायाधीश, उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा किया गया। उन्होंने विधि शिक्षा में व्यावहारिक प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों को भविष्य में सशक्त अधिवक्ता बनने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम को हर वर्ष आयोजित करने का सुझाव भी दिया।

उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य संरक्षक, चेयरमैन एवं कुलाधिपति श्री महेन्द्र अग्रवाल, कुलपति प्रो. डॉ. प्रसनजीत कुमार, कुलसचिव डॉ. राजीव रतन, विधि एवं विधिक अध्ययन विद्यालय के निदेशक डॉ. हेमंत कुमार शर्मा और विधि संकाय निदेशक प्रो. डॉ. उर्मिला प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी संकाय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।

इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न हिस्सों से आई 16 टीमों ने भाग लिया। निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक टीम को एक विशिष्ट कोड प्रदान किया गया। उद्घाटन के दौरान प्रारंभिक राउंड के लिए फिक्स्चर की घोषणा की गई तथा मूट मेमोरियल्स का आदान-प्रदान किया गया।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस अवसर पर अपने इस संकल्प को दोहराया कि एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, विधि छात्रों को सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान करती रहेगी ताकि वे समाज में न्याय और विधि के सशक्त प्रहरी बन सकें।

एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी इस मूट कोर्ट प्रतियोगिता को एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित वार्षिक परंपरा के रूप में स्थापित करने के लिए पूर्ण रूप से रूप से प्रतिबद्ध है।

# जनसुनवाई में आए प्रकरणों का एक सप्ताह में करें निस्तारण: डा० हिमानी अग्रवाल

**एनपीटी ब्यूरो**

गाजियाबाद। गाजियाबाद उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डा० हिमानी अग्रवाल द्वारा निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग में महिला जनसुनवाई की गई जिसमे कुल 27 प्रकरणों की जनसुनवाई की गई इन सभी प्रकरणों को सम्बंधित विभागों को एक सप्ताह के अन्दर समस्याओं का निस्तारण कर महिला आयोग को सूचित करने के लिए भी निर्देश दिये । इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट डा.संतोष उपाध्याय, जिला प्रोबेशन आधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी.यादव, सहा० जिला विद्यालय निरिक्षक सतीश कुमार पाण्डे, महिला थानाध्यक्ष रितु त्यागी, महिला अपराध सेल प्रभारी रमाकान्त यादव उपस्थित रहे।



डॉ0 हिमानी अग्रवाल कस्तूरबा गांधी विद्यालय ब्लाक रजापुर का निरिक्षण किया गया और बच्चों से बातचीत की इसके साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकार ओ.पी.यादव को निर्देशित किया गया कि बालिकाओं को उचित शिक्षा देने के साथ ही उचित से उचित पोषणयुक्त आहार दिया जाये ।

इसके बाद सदस्य द्वारा वन स्टॉप सेण्टर यूनिट 1 का भी निरीक्षण किया वन स्टॉप सेण्टर की मैनेजर दीपाली तथा काउन्सलर अंजना द्वारा सेण्टर में आने वाले केसों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली। महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल ने पत्रकारों को कड़ी धूप और छाव में बाहर खड़े रखा, हमारे विशेष संवाददाता नरेश चंद्र ने जब बातचीत की तो उन्होंने कहा कि मेरा गला खराब है मैं बात नहीं कर पाऊंगी, पत्रकारों के सवालों से महिला आयोग की सदस्य बचती नजर आई ? इस दौरान जिला प्रोबेशन आधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी लोकेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

# केंद्रों पर लगे ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए लगेंगे पंखे और कूलर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद।ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए उनके पास पंखे और कूलर लगाने का निर्णय लिया है। जनपद समेत आस पास के विद्युत केंद्रों पर ट्रांसफार्मरों के पास कूलर लगाए जाएंगे।

रोजाना हो रही तापमान में बढ़ोतरी के चलते विद्युत विभाग के केंद्रों में मौजूद ट्रांसफार्मर आए दिन खराब हो रहे हैं। इसी के मद्देनजर विभाग ने ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए उनके पास पंखे और कूलर लगाने का निर्णय लिया है। जनपद समेत आस पास के विद्युत केंद्रों पर ट्रांसफार्मरों के पास कूलर लगाए जाएंगे। इसको लेकर मुख्य अभियंता ने अधीक्षण अभियंता देहात और नगर के छः विद्युत वितरण खंडों के उपकरणों को फुंकने से बचाने के लिए अधिशासी अभियंताओं के साथ बैठक की।मुख्य अभियंता ने सभी विद्युत केंद्रों पर पंखे कूलर और अन्य व्यवस्था करने के लिए कहा है जहां कूलर नहीं वहां के लिए संबंधित अधिशासी अभियंताओं सूची मांगी है।



**फाल्ट की सूचना देने के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम**

मुख्य अभियंता ने लापरवाही करने वाले अधिकारी और कर्मचारी पर आर्थिक दंड के साथ विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है।मुख्य अभियंता अरविंद सिंघल ने गर्मी को देखते हुए रेंज में चार कंट्रोल रूम बनाए है। जिले में सभी वितरण खंडों पर गर्मी में तारों में आग लगने और किसी भी तरह के फाल्ट होने पर तुरंत सूचना देने के लिए छः कंट्रोल रूम बनाए गए है।

**ट्रांसफार्मरों के पास लगाएं कूलर,करें पाक का छिड़काव**

गर्मी के सीजन में उपकरणों को फुंकने से बचाने के लिए अपने कार्यालय पर अधीक्षण अभियंता नगरीय विजय कुमार गुप्ता और देहात एसई राकेश मोहन के साथ उनके सभी अधिशासी अभियंता ने बैठक की है।जिसमें सभी विद्युत केंद्रों पर कूलर पंखे लगाने के लिए निर्देश दिए हैं। जिन विद्युत केंद्रों पर कूलर पंखे खरीदे जाने हैं उनसे डिमांड मांगी गई है।बड़े विद्युत केंद्रों पर पानी की टंकी से ट्रांसफार्मरों पर छिड़काव करने के लिए कहा गया है।

**लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी के खिलाफ होगी कार्रवाई**

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम से किसी हाल में उपकरणों फुंकने से बचाने के हर संभव उपाय करने के निर्देश मिले है। किसी भी स्तर पर की गई लापरवाही से उपकरण फुंकने संबंधित अधिशासी अभियंता एसडीओ पर आर्थिक दंड के साथ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सभी को निर्देशित किया गया।

## 10 घंटे से बिजली पानी के लिए तरस रही 50000 की आबादी

महसी बहराइच। महसी क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह छः बजे से गुल हुई बिजली शाम साढ़े चार बजे तक नहीं मिल पायी है। तहसील महसी सब स्टेशन से संचालित लगभग दो दर्जन गांवों को 10 घंटे से बिजली सप्लाई नहीं मिली है जिससे लगभग 50000 की आबादी का जीना मुश्किल हो रहा है। सुबह से चल रही तेज हवा से महसी की बिजली व्यवस्था पुरी तरह से ध्वस्त हो गई है। जो शाम तक भी नार्मल नहीं हो सकी । बिजली सप्लाई न मिलने से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है महसी तहसील सब स्टेशन से संचालित गांव सधुवापुर,मुढेरा, शिवगढ़, लोधपुरवा, बाजपेईपुरवा, लखनापुर, बेटौरा, टेपरा,लोधौनी, चांदपारा, मासाडीह, लोधपुरवा, शिवगढ़, खमरियाशुक्ल, ठेकेदारपुरवा, शुकलनपुरवा सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में तेज हवाएं चलने की वजह से बिजली सप्लाई नहीं मिल रही है।

# महाराष्ट्र दिवस पर कलाकारों ने समृद्ध विरासत को किया नमन



**एनपीटी**

मुंबई, महाराष्ट्र एक मई को अपना स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। पूरा राज्य अपनी गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विविधता और कला व सिनेमा में दिये गये योगदान का उत्सव मनाने की तैयारी में है। जहां सोनी सब के कलाकार ने अपने दिल से शुभकामनाएं देते हुए इस राज्य के महत्व और उनके जीवन पर पड़े प्रभाव पर विचार साझा कर रहे हैं। वागले की दुनिया– नई पीढ़ी, नये किस्से में राजेश वागले की भूमिका निभा रहे सुमित राघवन, वीर हनुमान में देवी अंजनी की भूमिका निभा रही सायली सालुंखे, तेनाली रामा के राजा कृष्णदेव राय, पुष्पा इम्पॉसिबल के दिलीप पटेल और आदिश वैद्य ने कहा, इस शहर ने मुझे जो पहचान और स्नेह दिया है, उसके लिए मैं सदैव ऋणी रहूंगा। हमारे राज्य की विरासत और अद्भुत प्रगति पर अत्यधिक गर्व है। यह दिन हमें शान्ति और सामाजिक सौहार्द की दिशा में ले जाए – यही कामना करता हूं। सभी को महाराष्ट्र दिवस की शुभकामनाएं। जय जय महाराष्ट्र माझा, गर्जा महाराष्ट्र माझा।

# गांव में गंदगी से फैल रहे संचारी रोग, सरकार के अभियान को पलीता लगा रहे सचिव

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। ब्लॉक के गांव भैसिया, गोट और चौधरपुर गांव में संचारी रोग अभियान के अंतर्गत अपर जिला पंचायत राज अधिकारी ने गांव साफ सफाई न होने की शिकायत पर निरीक्षण किया था।

प्रदेश सरकार के निदेर्शों को ताक पर रखने वाले ग्राम पंचायत अधिकारियों की लापरवाही ग्राम पंचायत के निरीक्षण के दौरान उजागर हो गई है। मुरादाबाद ब्लॉक के गांव भैसिया, गोट और चौधरपुर गांव में संचारी रोग अभियान के अंतर्गत अपर जिला पंचायत राज अधिकारी ने गांव साफ सफाई न होने की शिकायत पर निरीक्षण किया था। जिसकी शिकायत सीडीओ से की गई थी। डीपीआरओ ने निरीक्षण के दौरान गांवों में फैली गंदगी की रिपोर्ट जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंपी है।रिपोर्ट में ग्रामीणों के अनुसार गांव में 20 से 25 दिन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के न आने की बात कही गई। जिसको लेकर डीपीआरओ ने तीनों सचिव खिलाफ कार्रवाई करने पहले सचिव और ग्राम पंचायत के प्रधानों को भी नोटिस जारी कर कार्यालय बुलाया है।

शिकायत के बाद हुआ औचक निरीक्षण-ग्राम पंचायत गोट,भेसिया और चौधरपुर के ग्रामीणों ने गांव में पसरी गंदगी सड़कों पर बह रहा नालियों का गंदा पानी और भरी कीचड़ से गांव में बीमारी फैलने की शिकायत मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव से की थी। जिसको लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने अपर जिला पंचायत राज अधिकारी विवेकानंद को तीनों ग्राम पंचायत के औचक निरीक्षण करने के लिए भेजा था। निरीक्षण के लिए गए अपर जिला पंचायत राज अधिकारी को गोट गांव में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत अधिकारी के कभी कभी आने की शिकायत की। वहीं गांव में नालियों में भरे कूड़े से नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहता मिला। वहीं भेसिया गांव में सफाई कर्मचारी महीने भर से लापता मिला। वहीं ग्राम पंचायत अधिकारी को सफाई कर्मचारी के आने या न आने की भी कोई जानकारी नहीं थी। गांव जगह जगह कूड़े ढेर लगे मिले यही हाल चौधरपुर गांव का मिला। अपर जिला पंचायत राज अधिकारी की रिपोर्ट पर डीपीआरओ ने तीनों ग्राम पंचायत अधिकारी को कार्य के प्रति लापरवाही के चलते नोटिस जारी किए हैं। जिसकी जानकारी मुख्य विकास अधिकारी और जिला अधिकारी को भी दी गई है।

सचिव और प्रधानों को बुलाया गया है कार्यालय- मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव का कहना है कि शिकायत मिली थी कि मुरादाबाद ब्लॉक के कई गांव में गंदगी पसरी हुई है। यहां ना तो कोई सफाई कर्मचारी आता है और ना ही सचिव आकर झांके हैं।

# कुत्तों ने दो बच्चियों को नोंचकर किया घायल

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,

मुरादाबाद।जनपद में आवारा कुत्तों का आतंक सिर चढ़कर बोल रहा है। यहां अलग अलग थाना क्षेत्रों से आवारा कुत्तों द्वारा किए गए हमलों की खबरें सामने आ रही हैं।ताजा मामला डिलारी थाना क्षेत्र के गांव चटकाली से जुड़ा है, जहां मामा के संग खेत पर गई दो मासूमों पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। इस हमले में दोनो मासूम बुरी तरह घायल हो गईं। मासूमों की चीख सुनकर खेत पर काम कर रहे ग्रामीणों ने बमुश्किल बचाया।

**ग्रामीणों ने बचाई बच्चियों की जान**

मिली जानकारी के अनुसार दोनों मासूम सोनाली(8) पुत्री सुनील सिंह और रितु(8) पुत्री तारा सिंह अपने मामा के साथ खेत पर घूमने गई थीं। वहीं घूम रहे आवारा कुत्तों के एक झुंड ने दोनों बच्चियों पर हमला कर दिया। आवारा कुत्तों ने मासूमों को बुरी तरह नोंच डाला। बच्चियों की चीखपुकार सुनकर मौके पर पहुंचे बच्चियों के मामा अमन ने खेत पर काम कर रहे ग्रामीणों को बुलाया,इसके बाद आवारा कुत्ते जंगल की तरफ भाग गए। कुत्तों के हमले से घायल हुई दोनों मासूमों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**चिंता का सबब बनते जा रहे हैं आवारा कुत्ते**

घटना पर गांव चटकाली निवासी ऋषिपाल ने बताया छोटे भाई अमन के साथ भांजी रितु ओर पड़ोस की बच्ची सोनाली खेत पर घूमने गई थी इसी बीच अमन खेत पर पानी देखने चला गया।ये दोनों बच्चियों पेड़ के नीचे बैठी थीं। तभी कुत्तों के झुंड ने बच्चियों पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। कुत्तों के हमले के बाद से गांव में भय का माहौल बना हुआ है। सभी ग्रामवासियों को अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता सताने लगी है।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com

नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।